# 'योजनाओं के प्रचार-प्रसार में मीडिया की अहम भूमिका'

## देश-विदेश में नाम कमाने वाली हिमाचली हस्तियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार सांय गत दिवस को बिग एफ एम द्वारा आयोजित बिग इम्पैक्ट अवार्ड कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अभिनेत्री रूबीना दिलैक, अंशू और कार्तिक बाथला, उधम सिंह ठाकुर,गायक मोहन सिंह चौहान, राजेश मल्होत्रा, ममता और विशाल गुप्ता, डॉ. दिनेश बेदी, प्रेम राणा, डॉ. पीएन ऋ षिकेश, हिमांशु सूद, मनुज शारदिया, राजेश पुरी, पायस, अंकित अग्रवाल, मुकेश भास्कर, भगवान सिंह गिल और डॉ. नीरज शर्मा को विभिन्न क्षेत्रों में उनके सराहनीय कार्यों के लिए



सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के उद्यमियों और उत्कृष्ट लोगों को सम्मानित करने के लिए बिग एफएम की सराहना की और कहा कि हिमाचल प्रदेश की कई हस्तियों ने देश-विदेश में प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हिमाचल के लोग फि ल्म जगत सहित कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं को जनता के मध्य प्रसारित करने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बिग एफएम युवाओं के मध्य लोकप्रिय है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं

**कल्याणकारी**

**8 मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है**

की विस्तृत जानकारी दी और बिग एफ एम से आग्रह किया कि लोगों तक विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने में योगदान प्रदान करें।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में कई हरित पहल शुरू की हैं। सरकार प्रदेश में ई-वाहनों को बढ़ावा दे रही है और अगले तीन वर्षों में एचआरटीसी बेड़े को ई-बसों में बदलने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि ई-वाहन अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार निजी ऑपरेटरों को ई-बसों, ई-ट्रकों और ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार 250 किलोवाट से दो मेगावाट क्षमता तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को नए आयाम प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी का दर्जा दिया गया है और राज्य भर के जल संसाधनों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिमला के सर्कुलर रोड पर यातायात की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य ने 6000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है और शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक सुधार लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# नशा उन्मूलन के लिए सबको एकजुट होना जरूरी: उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार** में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से सभी उपस्थित अधिकारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नशे के विरुद्ध संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में नश नशा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है जिसके उन्मूलन के लिए हम सबको एकजुट होना जरूरी है।

## गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर मंदिर सजने लगे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**

**जैसे-जैसे गुरु** पूर्णिमा का पावन पर्व निकट आ रहा है वैसे-वैसे मंदिरों में साफ -सफ ई का कार्य जोरो पर चला हुआ गुरु के प्रति अपनी आस्था दिखाने के लिए आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार 03 जुलाई, सोमवार के दिन मनाया जा रहा है हिन्दू पंचांग के अनुसार 2 जुलाई, रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी और 3 जुलाई, शाम 5 बजकर 8 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार गुरु पूर्णिमा का त्योहार 3 जुलाई को मनाया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के दिन ब्रह्म योग, इंद्र योग और बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस दौरान गुरु से दीक्षा एवं आशीर्वाद प्राप्त करने से व्यक्ति को विशेष लाभ प्राप्त होती है।

# सुरजीत भरमौरी की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**नुकसान**

**8 हिमस्खलन के कारण भेड़ पालकों को हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**कृषि एवं** पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी से हिमाचल प्रदेश राज्य पथ परिवहन निगम में निदेशक मंडल के सदस्य सुरजीत भरमौरी की अध्यक्षता में गत दिनों जनजातीय क्षेत्र भरमौर के कुगती जोत में हुए हिमस्खलन के कारण भेड़ पालकों को हुए भारी नुकसान के मुआवजे को लेकर



प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से 9 भेड़ पालकों को हुए भारी नुकसान को लेकर उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है ताकि प्रभावित भेड़ पालक अपने व्यवसाय को बेहतर तरीके से जारी रख सकें। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सरकार द्वारा प्रभावित भेड़ पालकों को उचित मुआवजे देने का आश्वासन देते हुए जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

# 'स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सरकार है कृतसंकल्पित'

**शिविर**

**8 स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए बहु.उद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/ अनिल**

**राजस्व,** बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिंदल सिविल अस्पताल शोल्टू में चार दिवसीय बहु-उद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार गरीब व जरूरतमंद लोगों की सरकार है। इसी के दृष्टिगत जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों को उनके घरद्वार के निकट बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं



उपलब्ध करवाने के लिए इस चार दिवसीय बहु.उद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला व सुपर स्पेशलिटी हस्पताल शिमला से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जिला के लोगों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग किन्नौर, जेएसडब्ल्यू व अभ्युदय परिवर को इस शिविर के सफल रूप से आयोजन करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि किन्नौर जिला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जमीनी स्तर पर उपलब्ध करवाने के लिए सभी का एक साथ मिलकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए कहा।राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय जिला के लोगों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रति वचनबद्ध है। इसी के अंतर्गत किन्नौर जिला के लोगों को चिकित्सा संबंधी सभी सुविधा उनके घरद्वार के निकट उपलब्ध करवाने की दिशा में यह प्रदेश सरकार की पहल है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अपने पहले ही बजट भाषण में राज्य के प्रत्येक विधानसभा के एक स्वास्थ्य संगठन को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में उचित मूल्य पर गुणवत्ता पूर्ण दवाईंया, मशीन व उपकरण की खरीद के लिए हिमाचल प्रदेश चिकित्सा सेवा निगम की स्थापना जैसे जनहित निर्णय लिए गए हैं।

# 'इस बार 2024 में 303 से भी अधिक सीटें जीतेगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**केंद्र में** नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर हिमाचल प्रदेश के सभी बूथों पर मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से पूरे देश भर में भोपाल से संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि इस कार्यक्रम को प्रदेश भर के 7781 बूथों पर कार्यकताओं द्वारा एलईडी स्क्रीन लगाकर सुना गया। त्रिलोक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता



आधारित राजनीतिक दल है और बूथ ही हमारी ताकत है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से 10 लाख कार्यकताओं को पूरे भारतवर्ष में संबोधित किया और इस मौके पर हमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। त्रिलोक ने सभी कार्यकताओं को एक मूल मंत्र दिया बूथ जीता चुनाव जीता उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा तैयार है। इन चुनावों में भाजपा हिमाचल और पूरे देश भर में बड़ी जीत दर्ज करने के लिए अग्रेसर हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का एकत्र होना कोई नई बात नहीं है 2014 और 2019 में यही विपक्षी दल थे पर भाजपा की 303 सीटें आई थी और इन चुनावों में भाजपा 303 से भी अधिक लोक सभा सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार की खुद की गारंटी तो है नहीं, तो दूसरों की क्या गारंटी लेंगे। वर्तमान सरकार के नेताओं भाजपा पर टिप्पणी करने के बजाय सरकार चलाने पर ध्यान देना चाहिए। जब से यह सरकार सत्ता में आई हैं केवल वित्तीय कुप्रबंधन की बात कर रही हैं पर वित्तीय स्तिथि को ठीक करने के लिए उन्होंने एक भी कदम नहीं लिया है। अगर आप गौर से देखें तो 31 मार्च के बाद पूरे प्रदेश भर में कोई भी विकासात्मक टेंडर नहीं हुए है, केवल मात्र पिक और चूज का कार्यक्रम चल रहा है सरकार को ऐसे कामों से एहतियात बरतनी चाहिए। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, कुसुम सदरेट, सहित आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अवरुद्ध**

**8 नेशनल हाइवे थॉरिटी के शिमला और शाहपुर में दो-दो नेशनल हाइवे भी भूस्खलन से अवरुद्ध हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश में मानसून के आगाज ने ही कहर बरपा दिया है। मानसून की भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त है और राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी तबाही हुई है। जगह-जगह लैंड स्लाइड, गाडियों के दबने, बादल फ टने व बाढ़ आने से भारी नुकसान हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सोमवार शाम जारी रिपोर्ट के मुताबिक मानसून ने 24 जून को हिमाचल में प्रवेश किया था और बीते 48 घण्टों में वर्षा जनित घटनाओं में नौ लोगों की जान चली गई है। जबकि लोग 14 घायल हैं। मंडीए शिमला व सोलन में दो-दो, चम्बा, हमीरपुर व कूल्लु में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। बाढ़ में बहने व सडक हादसों में तीन-तीन, खाई में गिरने से दो और भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। मुसलाधार बारिश की वजह से चार नेशनल हाइवे और 301 सडकें अवरुद्ध हैं। लोकनिर्माण विभाग के मंडी जोन में 97, शिमला जोन में 71, हमीरपुर जोन में 65 और कांगड़ा जोन में 64 सडकें बंद हैं। इसके अलावा नेशनल हाइवे अथॉरिटी के शिमला और शाहपुर में दो-दो नेशनल हाइवे भी भूस्खलन से अवरुद्ध हैं। मानसूनी वर्षा से राज्य में 842 पेयजल स्कीमें बंद पड़ गई हैं।

# '2024 में ऐतिहासिक पड्डल मैदान में होगा श्री सीताराम नाम हवन यज्ञ'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**शीतला** माता मंदिर परिसर में आयोजित जन कल्याण विश्व शांति हेतु सप्तदिवासिय कुंकुमार्चन पूजन एवं मद्भागवत कथा संपन्न हो गई हैं। महंत राजेश्वरानन्द सरस्वती ने बताया कि 2024 में मंडी शहर के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में श्री सीताराम नाम भव्य विशाल महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसको लेकर मंडी शहर के हर कोने व मन्दिर में इस तरह के आयोजन आयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी के अंतर्गत शीतला माता मंदिर में



जन कल्याण विश्व शांति हेतु सप्तदिवासिय कुंकुमार्चन पूजन एवं श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा प्रतिदिन यहां मां का कुंकुमार्चन अभिषेक किया जाता था उसके बाद 2 से 5 बजे तक कथा आयोजित की जाती थी और शाम को महाआरती का आयोजन होता था। उन्होंने कहा सोमवार शाम को यज्ञ को सफल बनाने के लिए मंडी शहर की सुख शांति व विश्वकल्याण हेतु सहित युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शहर में यात्रा निकाली गई और मां को 108 नारियलों की बलि दी गई। उन्होंने कहा कि आज शीतला माता के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने पूणाहुति डालकर सुख समृधि की कामना की। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

# डिपो होल्डर के खिलाफ राशन वितरण में लगाया अनिमितताओं का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**चौरास** के डिपो होल्डर की और से राशन वितरण में अनिमितिताएं बरतने व ग्राहकों से अभद्र व्यवहार करने की शिकायत देवना पंचायत के लोगो ने नौहराधार तहसीलदार से की है। नाराज ग्रामीणों ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौपा है, जिसमें डिपो होल्डर को तुरंत बदलने की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत है कि चौरस के डिपो होल्डर गुलाब सिंह लोगो के साथ अभद्र व्यवहार करता है। डिपो होल्डर ग्रामीणों को परेशान कर रहा है जिनके कारण लोगो को डिपो से अपने राशन लेने में भारी दिक्कतें आ रही है। कई लोग को पिछले कई



महीने से राशन नही मिल पा रहा है। ग्रामीणों को मई व जून का राशन अभी तक नही मिल पाया है। शिकायतकताओं का आरोप है कि डिपो होल्डर पिछली शिकायतें व ग्राम सभा के दौरान की गई शिकायतों को निरस्त करने करने के लिए लोगो से जबरन दस्तखत करवाने को कहता है व दस्तखत न करने पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है। ऐसा न करने पर झूठे केस में फं साने की धमकिय देता है। नतीजन ग्रामीण को डिपो से राशन लेने में भारी मुश्किलें पेश आ रही है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा है कि डिपो होल्डर ने फरवरी माह में भी गैर कानूनी ढंग से राशन उठाते समय कुछ लोगों के हस्ताक्षर करवाए थे, जिसमे लिखा था की डिपो होल्डर से हमें राशन समय पर उपलब्द हो चूका है। शिकायतकर्ताओ का आरोप है कि डिपो होल्डर पिछले लंबे समय से राशन वितरण में अनिमितितीता, बरत रहा है और राशन कार्ड धारकों के साथ अभद्र व्यवहार करता आ रहा है।

लोगो ने तंग आकर डिपो होल्डर की शिकायत डीसी सिरमौर से भी की थी। जांच के दौरान चौरस डिपो में राशन शोर्ट पाया गया और मार्च माह में पुलिस ने डिपो होल्डर से अवैध रूप से संचित किया हुआ चावल व गेहूं बरामद किया था, मगर आज तक विभाग ने डिपो होल्डर के खिलाफ कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई है। डिपो होल्डर की व्यवहार से परेशान लोगो ने बताया कि वह डीसी सिरमौर से दोबारा शिकायत करेंगे। यदि जरूरत पड़ी तो डिपो होल्डर के खिलाफ प ूरी पंचायत सडको पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेगी। तहसीलदार नौहराधार सितेंदर जीत सिंह ने बताया कि देवना पंचायत का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को उनसे मिला था। उन्होंने लोगो को आश्वस्त किया कि खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करेंगे और उसकी रिपोर्ट तुरंत डीसी सिरमौर को भेजेंगे।

# '15 दिन में मांगे नहीं मानी तो होगा आंदोलन'

## जिला परिषद काडर कर्मचारी आज सामूहिक अवकाश पर

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मण्डी जिला** के समस्त जिला परिषद कर्मचारी व अधिकारी अपनी मांगे पूरी ना होने पर एक बार फि र 27 जून से सामूहिक अवकाश पर चले गए। अपनी मांगो को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी ज्ञापन सौंपा था तथा उनकी तरफ से कर्मचारियों व अधिकारियों को आश्वस्त किया गया था की जल्द उनकी मांगो को पूरा कर लिया जाएगा परंतु उनकी मांगो को नहीं माना गया तथा जिला भर के जिला परिषद



कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर आहत होकर रोष प्रकट करने के लिए राज्य कार्यकारिणी के आदेश पर सभी 14 ब्लाकों के अधिकारी व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। जिला परिषद कार्डर की अध्यक्ष प्रोमिला ने बताया कि पहले भी अपनी मांगो को लेकर कर्मचारी व अधिकारी धरने पर बैठे थे परंतु सरकार ने उनकी मांगो को नहीं माना। उन्होंने कहा कि सरकार 15 दिनों के भीतर जिला परिषद कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर विभाग में मर्ज करे तथा छठे वेतन आयोग का लाभ प्रदान करें। यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो जिला परिषद कर्मचारी व अधिकारी बड़ा आंदोलन करने के लिए अपनी रणनीती बनाएगें। हिमाचल प्रदेश में जिला परिषद काडर के अधीन वर्तमान में 4700 अधिकारी, कर्मचारी कार्यरत है जो सभी सुचारू रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# नशीली दवाईयों के दुरुपयोग के खिलाफ एसडी स्कूल में जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

महिला एवं बाल विभाग हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई शिमला द्वारा नशीली दवाइयों के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष पर गत दिवस को एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंज बाजार शिमला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू दीन दयाल उपाध्याय क्षेत्रीय अस्पताल शिमला मीनाक्षी मेहता द्वारा बच्चों को नशे के दुरुपयोग, इसके प्रभाव



व रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि चिटाए जो आजकल बहुत प्रचलन में है, एक या दो बार लेने से ही बच्चा इसका आदी हो जाता है।

## विजय का आईआईटी में सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर चयन

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी निवासी** विजय कुमार शर्मा का आईआईटी मंडी में सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। इससे पहले वह बीएसएनएल में एक्जीक्यूट इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। विजय कुमार की शिक्षा विजय हाई स्कूल मंडी तथा वल्लभ कॉलेज में हूई। इंजिनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद 1994 में उन्होंने टेलीकॉम विभाग में जेटीओ के पद पर ज्वॉइन किया। फिर अखिल भारतीय विभागीय परीक्षा के द्वारा एसडीओ बने।

# रक्षा प्रौद्योगिकि विकास पर हुई चर्चा

**मंथन**

**8 एयर वाइस मार्शल सिन्हा सेवानिवृत्त ने डॉ. रजनीश शर्मा के साथ कार्यक्रम का समन्वय किय**



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में चल रहे मेगा जी20-एस20 बैठक के चौथे दिन अकादमिक संस्थान, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ, डीपीएसयू और सशस्त्र बल एक साथ एक मंच पर आए। इस दौरान सहयोगी दृष्टिकोण के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने पर प्रमुखता से चर्चा की गई। इस आयोजन का विषय रक्षा के लिए प्रौद्योगिकी रखा गया था। इस बारे में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि शिक्षा जगत, अनुसंधान एवं विकास संस्थान, उद्योगों, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों को सक्रिय संवाद मोड में लाने की आवश्यकता है। जहां पर स्वतंत्र एवं स्पष्ट रूप से नवीन विचारों का आदान-प्रदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम रक्षा के लिए प्रौद्योगिकी पर एक जीवंत और प्रेरणादायक सत्र की ओर देख रहे हैं और आईआईटी मंडी का लक्ष्य रक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है जो हमारे महान देश के लिए सर्वोपरि है। आईआईटी मंडी के रणनीतिक सलाहकार एयर वाइस मार्शल पीकेएच सिन्हा सेवानिवृत्त ने डॉ. रजनीश शर्मा के साथ कार्यक्रम का समन्वय किया और एक ऐसा वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जो नवाचार को बढ़ावा दे और रक्षा उपयोग के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास को प्रोत्साहित करें। प्रौद्योगिकी के मुख्य समन्वयक एयर वाइस मार्शल पीकेएच सिन्हा (सेवानिवृत्त) ने कहा कि रक्षा क्षेत्र के चार स्तंभ हैं। जिनमें अकादमिक संस्थान, जो विशिष्ट और महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों में शोध करता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन डीआरडीओ, जो इन प्रौद्योगिकियों को प्रयोग में लाने हेतु अनुकूल बनाता है और इसे बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए उद्योग को सौंपता है। उद्योग, जो इसे हमारे सैनिकों, वायु योद्धाओं और नाविकों और रक्षा बलों के उपयोग के लिए और मजबूत बनाता है। अंत में रक्षा सेनाएं इन नवाचारों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करती हैं। उन्होंने कहा कि आज क्रिटिकल इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज आईसीईटी पर विशिष्ट पहल के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए इन चार स्तंभों के बीच तालमेल की तत्काल आवश्यकता है। मुझे यकीन है कि आईआईटी मंडी के जी20-एस20 सम्मलेन के इस रक्षा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने की पहल को बढ़ावा मिलेगा।

# नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को कोई समर्थन नहीं: मुकेश

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्यपाल के आह्वान पर उन्होंने हरोली से इस महायज्ञ की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह एक अंतरराष्ट्रीय लड़ाई है। नशे के अवैध कारोबार में कोई भी व्यक्ति संलिप्त है, वह चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो हमारा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के भविष्य की सुरक्षा की है। इसके लिए हर व्यक्ति को घर-घर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। अग्निहोत्री ने कहा कि नशे से जुड़े कानूनों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। इसमें जमानत का प्रावधान नहीं होना चाहिए तथा ऐसे अवैध धंधे में संलिप्त व्यक्तियों की संपत्ति जब्त होनी चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विधानसभा के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सिंथैटिक नशा आज बहुत बड़ी चुनौती बन गया है, जो दूर-दराज के गांवों तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से लगती सीमाओं की नशे की तस्करी रोकने के लिए हर स्तर पर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण देने वालों का भी जनता को समाज के सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध धंधे में लगे लोगों का सार्वजनिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरोली से आरम्भ किए गए इस महा अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे विकास के मामले में उनसे हर अपेक्षा रख सकते हैं लेकिन नशे के मामले में पकड़े जाने पर कोई सहयोग नहीं दिया जाएगा। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल त्रिवेदी ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से पंजाब के बाद हिमाचल नशे के प्रचलन में दूसरे स्थान पर आ गया है, जो चिंता का विषय है।

# रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में आयोजित कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू को नशा मुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया। जिला कुल्लू के कार्यवाहक उपायुक्त प्रशांत सरकैक व सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू वीके मोदगिल ने आज यह पुरस्कार मुख्यमंत्री के कर कमलों से ग्रहण किया। गौरतलब है कि जिला में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुल्लू द्वारा संचालित नशा निवारण केंद्र भुन्तर नशे की लत में फं से युवा एवं युवतियों को नशे की बिमारी से छुटकारा दिलाने में मुफ्त में इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिमला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों सहित जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को नशीले पदार्थों की रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस प्रयास को सफल बनाने में समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि इस बुराई से निपटने के लिए नशा मुक्ति अभियानों में सभी वर्ग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## अमराली में सट्टा लगाते युवक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत अमराली में पुलिस ने एक युवक को सट्टा लगाते काबू किया हैं। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात्रि हरोली पुलिस अमराली में गश्त कर रही थी।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुलवंत निवासी दुलैहड़ को सट्टे संग काबू किया हैं। पुलिस ने कुलवंत से 1130 रुपये की नकदी बरामद की हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने कुलवंत के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामले को दर्ज कर लिया हैं।

# कहा एफ सीए के तहत कुल 180 में से 125 मामले लंबित

**लम्बित मामला**

**8 सीए के लिए तैयार किए गए पुराने मामलों को भी ऑनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**उपायुक्त** आदित्य नेगी की अध्यक्षता में आज एफ सीए के तहत लम्बित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में वर्तमान में कुल पंजीकृत 180 एफसीए के मामलों में से 125 मामलें लम्बित पड़े हैं जिनका निपटारा शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला सहित शिमला शहरी क्षेत्र में डीएफओ के अधीन 32 मामले, डीसीएफ शिमला ग्रामीण के अधीन 8 मामलें, डीसीएफ चौपाल के अधीन 11 मामले, डिसीएफ रोहडूण के अधीन 25 मामले, डीएफ ओ ठियोग के अधीन 10 मामले, डीसीएफ रामपुर के अधीन 13 मामले और डीएफ ओ कोटगढ़ के अधीन 26 मामलें हाईड्रो परियोजना, हैलीपैड, चिकित्सालय व डिस्पेंसरी भवन, सामुदायिक भवन, वाहन पार्किंग, अग्निशमन भवन, सडकों, पेयजल योजनाओं, बहुउददेशीय भवन, मुख्यमंत्री लोक भवन, गौ सदन, बस अडडे, एम्बुलेंस रोड, एचपीएमसी, ठोस अपशिष्ट योजना व स्कूल भवन इत्यादि कार्यो के मामलें लम्बित हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभाग के सम्बन्धित एफ सीए के लम्बित मामलों के निपटारे के लिए साईट निरीक्षण व संयुक्त निरीक्षण कर तुरन्त रिपोर्टें तय समय अवधि के भीतर जमा करवाना सुनिश्चित करें ताकि आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने एफ सीए के लिए तैयार किए गए पुराने मामलों को भी ऑनलाईन अपलोड करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि उनका भी निपटारा जल्दी हो सके । इस अवसर पर सदस्य सचिव एफ सीए एवं डीएफ ओ हेडक्वार्टर शिमला सरोज शर्मा, उप निदेशक उच्च शिमला राजीव कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

## हिमाचल के बॉर्डर पर मिला लापता व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी। जिला** ऊना के बॉर्डर पर वनखंडी में 48 वर्षीय व्यक्ति शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान धर्मपाल पुत्र छांगा राम निवासी ईसपुर के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू रक दी है। जानकारी के मुताबिक धर्मपाल निवासी ईसपुर सोमवार से अपने घर से लापता था। धर्मपाल के परिजनों ने सारा दिन इंतजार करने के बाद उसके लापता होने की रिपोर्ट हरोली पुलिस को दी।

# मोदी ने हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी दी: नंदा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा** सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और के सबसे लोकप्रिय नेता है। नंदा ने कहा कि पीएम मोदी ने अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में एक चीज स्पष्ट रूप से कही की आजकल कांग्रेस में एक नया शब्द बहुत पॉपुलर किया जा रहा है, वो शब्द है गारंटी। मोदी ने आह्वान किया की भाजपा के कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि लोगों को बताएं कि ये विपक्षी किसकी गारंटी हैं। ये सारे दल गारंटी हैं भ्रष्टाचार की। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपये के घोटालों की। कुछ दिन पहले इसका फ ोटो सेशन का कार्यक्रम हुआ था। इनमें शामिल होने वाले दलों को देखेंगे तो पता चलेगा कि वो सब मिलकर के कम से कम कुल 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी है। अकेले कांग्रेस का घोटाला ही लाखों-करोड़ों का है। 1.86 लाख करोड़ का कोयला घोटाला। 1.74 लाख करोड़ रुपये का टूजी घोटाला। 70 हजार करोड़ रुपये का कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला 10 हजार करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला। हेलीकॉप्टर से लेकर सबमरीन तक कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ कांग्रेस के घोटाले का हाथ नहीं पहुंचा हो।आरजेडी पर हजारों करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है।

चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, पशुपालन रोड घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला, आरजेडी के घोटालों की इतनी लंबी सूची है कि अदालतें भी थक गई। एक के बाद एक सजा घोषित करती जा रही है। उधर तमिलनाडु में देखिए, डीएमके पर अवैध तरीके से 1.25 लाख करोड़ रुपये की संपति बनाने का आरोप है। टीएमसी पर भी 23 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के घोटाले का आरोप हैं। रोज वैली घोटाला, शारदा घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटला, गो-तस्करी घोटाला, कोयला तस्करी घोटाला, बंगाल के लोग इन घोटालों को कभी भूल नहीं सकते हैं।

अगर मैं एसपी की बात करून तो एनसीपी पर करीब-करीब 70 हजार करोड़ रुपये के घोटालों का आरोप है। महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला, महाराष्ट्र सिंचाई घोटाला, अवैध खनन घोटाला, इनकी लिस्ट भी बहुत लंबी है।

# आखिर कब होगा रायसन पुल का लोकार्पण: छविंद्र ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**सरकार की** लेटलतीफी जनता पर भारी पड़ रही हैं। सेव मनाली फ्रंट के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता छवीन्द्र ठाकुर ने यहां जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के रायसन में व्यास नदी पर भाजपा शासन में निर्मित आरसीसी पुल को जनता की सुविधा के लिए जनता को समर्पित नहीं किया जा रहा है। पुल का लोकार्पण न होने के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में नदी पार के वाहन लोग रायसन के पुराने झूला पुल से लाने को मजबूर हैं। छविंद्र ठाकुर ने कहा कि पुराना पुल भी जर्जर अवस्था में है और कभी भी यह ढह गिर सकता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विकास के लंबे चौड़े दावे करने वाली कांग्रेस सरकार भाजपा राज में व्यास नदी पर बने नेहरू कुंड के आरसीसी पुल को भी जनता को समर्पित करने में अनावश्यक विलम्ब कर रही है जिससे स्थानीय लोगों की भारी कठिनाई हो रही है।

## पूबोवाल में बैटरियां चुराकर ले जा रहे टैंपो को पुलिस ने किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**थाना** हरोली के तहत पूबोवाल में टॉवर की बैटरियां चुराकर ले जा रहे टैंपो ने पीछा करते हुए काबू किया है, जबकि टैंपो सवार अज्ञात शातिर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब हुए हैं। पुलिस ने टैंपो से जहां 39 बैटरियों को कब्जे में लिया। वहीं डैशबोर्ड से मिली आरसी के आधार पर चोरों की धरपकड़ शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि पंकज शर्मा निवासी मंदली ने हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क पर पूबोवाल में बैटरियां चोरी होने की शिकायत दी। सूचना मिलने के बाद हरोली पुलिस पूबोवाल के लिए रवाना हुई। पूबोवाल में पहुंचने पर पुलिस की पंकज शर्मा व उसके साथी सुशील कुमार से मुलाकात हुई, जिन्होंने इंडस टावर लिमिटेड कंपनी में बतौर टैक्निशियन के रूप में बताया।

जिन्होंने बातया कि तीन युवक टावर से बैटरियां चोरी करके टैंपो हाथी में लोड़ कर रहे हैं। इसी दौरान टावर की तरफ कच्चे रास्ते से टैंपो पूबोवाल चौंक की तरफ भगा लिया। जिसका पुलिस ने पीछे किया।

# नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस

**शपथ**

**8 सीएम ने समारोह से वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को नशीले पदार्थों की रोकथाम की शपथ दिलाई**



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
कुल्लू के अटल सदन में आज नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर समारोह आयोजित किया गया जिसमें नशे के समाज पर पड?ं वाले दुष्प्रभावों के मद्देनजर प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस की पूर्व चलाये गए विशेष अभियान का समापन भी किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 19 से 25 तक प्रदेशव्यापी नशा मुक्त हिमाचल अभियान चलाया गया था। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश स्तरीय समारोह से वर्चुअल माध्यम से जुड़े लोगों को नशीले पदार्थों की रोकथाम की शपथ दिलाई। जिला कुल्लू में आयोजित जिला स्तरीय अभियान में सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत नशा निवारण शपथ, नाटक, जागरूकता अभियान, मैराथन, योगासन पैंटिग, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर के सभी विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर किया गया जिसमें जिला स्तर के सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में नशा निवारण कार्यक्रम आयोजित किये गए। नशा निवारण जागरूकता अभियान में पुलिस विभाग, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल व प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों और युवाओं को विशेष तौर पर नशे विरूद्ध अभियान में शामिल करते हुए समाज के हर वर्ग को जागरूक करने के लिए तैयार किया गया ताकि समाज से इस बुराई को समूल नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो न केवल नशा करने वाले व्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देती है बल्कि व्यक्ति परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बुरा प्रभाव डालती है। उन्होंने विशेषकर युवाओं में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशीले पदार्थों के सेवन की आदत पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा की इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे तभी हम एक नशा मुक्त स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले मे भी केमिकल नशे के सेवन के मामले सामने आ रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कुल्लू जिले में नशे की बुराई से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नशा एक बीमारी है जिसका अन्य बीमारियों की तरह उपचार सम्भव है।उन्होंने कहा कि नशे की आदत से पीड़ित कोई भी व्यक्ति उपचार से पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में नशे की आदत से ग्रसित पुरुषों तथा महिलाओं के ईलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का एकमात्र ऐसा केंद्र है जहां नशे की आदत से पीड़ित महिलाओं के दाखिल कर ईलाज किया जा रहा है।

# रोहित ने विद्युत केंद्र के आधुनिकीकरण परियोजना का किया शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**शिक्षा मंत्री** रोहित ठाकुर ने गत दिवस को जुब्बल क्षेत्र के घुंघलीधार में 22 किलोवाट विद्युत नियंत्रण केंद्र के आधुनिकीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 23 लाख रुपये से निर्मित होने वाले इस विद्युत नियंत्रण केंद्र के आधुनिकीकरण से जुब्बल क्षेत्र की 11 पंचायतों और नगर पंचायत जुब्बल के बाशिंदों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी और कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। इन 11 पंचायतों में एनएसी जुब्बल, जय पीडी माता, शीली, पराली, धार, बधाल, बरठाता, कथासु, मंढोल, कोट काइना, शील और सारी शामिल हैं। शिक्षा मंत्री ने गिलटारी पंचायत में आयोजित वॉलीबॉल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत शिक्षा मंत्री ने गिलटारी पंचायत में आयोजित वॉलीबॉल टूनामेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वॉलीबॉल महासू क्षेत्र का प्रमुख खेल रहा है और क्षेत्र के खिलाडि?ों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वह नशाखोरी से बचें और सकारात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं और कड़ी मेहनत करके अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जनकल्याणकारी नीतियों से स्वस्थ समाज का निर्माण हो रहा है और उपेक्षित वर्गों के कल्याण के प्रति वर्तमान राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों के 6000 पदों को शीघ्र भरा जाएगा ताकि निर्धन वर्ग के छात्रों को घर द्वार पर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में संपर्क मार्गों को सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि किसानों को अपने उत्पाद मंडी में पहुंचाने में कोई दिक्कत न हो और उनकी प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हो सके। रोहित ठाकुर ने युवक मंडल गिलटारी को 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की और सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को 20 हजार की राशि दी। इसके उपरांत उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## एसडीएम ने किया शिवा प्रोजेक्ट के कोठी क्लस्टर का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय। एसडीएम** जोगिंद्र नगर ने आज बागवानी विभाग के शिवा प्रोजेक्ट के तहत कोठी में तैयार हो रहे क्लस्टर का दौरा किया। उन्होंने लाभान्वित किसानों से बातचीत की तथा उन्हें भविष्य के लिए उत्साहित भी किया। साथ ही उन्होंने क्लस्टर में लगे पौधों का भी निरीक्षण किया तथा पौधों की सिंचाई के बारे में भी जाना। बागवानी विभाग से एएचडीओ शिव राम भी साथ रहे। उन्होंने बताया कि कोठी में शिवा प्रोजेक्ट के तहत क्लस्टर एक व क्लस्टर दो तैयार हो रहे है।

## बैरी की कीर्ति का नवोदय विद्यालय में चयन



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**उपमंडल बंगाणा** के गांव बैरी की कीर्ति धीमान का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। कीर्ति धीमान वर्तमान में आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की छठी कक्षा की छात्रा है। कीर्ति के पिता अश्विनी कुमार पेशे से बढ़ई हैं। कीर्ति धीमान ने नवोदय की परीक्षा पास कर अपनी मां निर्मला देवी और पिता अश्विनी कुमार का नाम रोशन किया है। स्कूल की मुख्याध्यापिका सीमा शर्मा ने बताया कि कीर्ति धीमान शुरू से ही पढाई में तेज रही है। क्लास में अव्वल आती है। कीर्ति का बिना टयूशन के नवोदय की परीक्षा पास करना दूसरे छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बता दें कि इससे पूर्व कीर्ति धीमान ने सैनिक स्कूल की भी परीक्षा पास की थी, लेकिन भविष्य में अधिक धन खर्च होने की संभावना के चलते बेटी को अश्विनी कुमार दाखिला नहीं दिला पाए।

# मजबूरी में बनाया जा रहा महागठबंधन, नहीं मिलते विपक्षी दलों के आपस में दिल

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत सैंसोवाल में बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

**निशाना साधा**

8 महागठबंधन में शामिल होने जा रहे सभी दलों के अपनी अपनी बांसुरी अपना अपना राग है



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने विपक्षी पार्टियों द्वारा बनाये जाने वाले महागठबंधन पर भी निशाना साधा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन में शामिल होने जा रहे सभी दलों के अपनी अपनी बांसुरी अपना अपना राग है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि जहां अलग अलग पार्टियों के भ्रष्ट नेता एक मंच पर ऐसे स्थान पर इक्के हुए जहां एक पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव सेंसोवाल में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन देखा। लाइव संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकताओं को आने वाले समय में एकजुट होकर काम करने के साथ-साथ भाजपा कार्यकताओं से आमजन के साथ संपर्क बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा शानदार काम कर रही है और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए यही भाजपा की जीत का आधार भी बनेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष की एकता महज एक दिखावा है। केवल मात्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए विपक्ष इस तरह के असफल प्रयास कर रहा है, लेकिन हालत यह है कि किसी भी विपक्षी दल के दिल आपस में नहीं मिलते।मात्र मजबूरी में महासंगठन बनाया जा रहा है।

# मोदी का मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम मनाली के वन्य प्राणी विभाग में आयोजित

**जनसंवाद**

8 अब तक किसी भी राजनीतिक दल या संस्था ने डिजिटल प्लेटफार्म पर इनता बड़ा वर्चुअल संवाद नहीं किया



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली /राज अग्रवाल**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम मनाली के वन्य प्राणी विभाग में आयोजित किया गया। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के संवाद को सुना। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, मनाली मण्डल के अध्यक्ष दुर्गा, वरिष्ठ भाजपा नेता छविंद्र ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर सहित समस्त बूथ पालकों व बूथ के अध्यक्षों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी का संवाद सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने डिजिटल प्लेटफार्म पर संवाद का इतिहास रचा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 16 हजार संगठनात्मक मंडलों और 10 लाख बूथों पर तीन करोड़ कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से संवाद किया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल या संस्था ने डिजिटल प्लेटफार्म पर इनता बड़ा वर्चुअल संवाद नहीं किया है।

# विकास खंड ऊना के जिप कर्मचारी रहे सामूहिक अवकाश पर



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**विकास खंड** ऊना के समस्त जिला परिषद कर्मचारी मंगलवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। सभी जिला परिषद कर्मचारियों की ओर खंड विकास अधिकारी ऊना के माध्यम से पंचायती राज के निदेशक और ग्रामीण विकास विभाग को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। ऊना पंचायत ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि इस ज्ञापन के माध्यम से जिला परिषद कर्मचारी संघ द्वारा विभाग में विलय और छठा वेतन आयोग लागु करने की मांग को मुख्य रूप से उठाया गया। उन्होंने कहा कि यदि विभाग के द्वारा 15 दिन के भीतर इन मांगों के बारे ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है, तो सभी जिला परिषद कर्मचारी एक बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं रहेंगे। इस अवसर पर संघ की उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, कोषाध्यक्ष स्वर्ण सिंह, जिला कार्यकारणी सदस्य सर्वजोत कौर, पंचायत सचिव महेश लठ, योगेश कपिला, दविंद्र बग्गा, मनोज कुमार, सुनील कुमार, हरदीप कौर सहित समस्त पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में इस वर्ष सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर खर्च होंगे 84 करोड़: राजेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**जिला कल्याण** समिति की बैठक मंगलवार को यहां हमीर भवन में विधायक राजेंद्र राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा तथा अन्य गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।



**जिला कल्याण समिति की बैठक में की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा**
इस अवसर पर राजेंद्र राणा ने बताया कि जिला हमीरपुर में इस समय 49,487 पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है और इस वित्त वर्ष के दौरान जिला में उक्त पेंशन पर लगभग 84 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिला का कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा पेंशन से नहीं छूटना चाहिए। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्प है। इसलिए विभागीय अधिकारी सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और सभी पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंचाएं।

**जिले में 78 परिवारों को मकान निर्माण के लिए मिलेगी डेढ़.डेढ़ लाख रुपये की राशि**
स्वर्ण जयंती आश्रय योजना की समीक्षा करते हुए राजेंद्र राणा ने बताया कि जिला में इस योजना के तहत एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के कुल 92 परिवारों को गृह निर्माण के लिए डेढ-डेढ़ लाख रुपये की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस अनुदान राशि में बढ़ोतरी की आवश्यकता महसूस की जा रही है।
जिला कल्याण समिति ने यह अनुदान राशि कम से कम 3 लाख रुपये करने का सुझाव सरकार को प्रेषित करने का निर्णय भी लिया। अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना के लाभार्थियों का चयन करते समय विभागीय अधिकारी पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा अति निर्धन एवं जरुरतमंद लोगों को प्राथमिकता दें।

# जिला परिषद अधिकारी एवं कर्मचारी संघ ने सीएम को भेजा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**
**जिला परिषद** अधिकारी एवं कर्मचारी संघ बंगाणा मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर अवकाश पर रहे। संघ के अध्यक्ष कमल देव ने कर्मचारियों की अध्यक्षता में बीडीओ बंगाणा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज मांगों का जल्द पूरा करने की मांग उठाई। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगो पर गौर करके उन्हें पूरा नहीं किया, तो जिला पार्षद कैडर कर्मचारी बड़े आंदोलन पर भी जा सकते है। अध्यक्ष कमल देव ने बताया कि प्रदेश सरकार जिला पार्षद कैडर कर्मचारियो का पंचायती राज या फिर ग्रामीण विकास में विलय करे।

छठे पे कमीशन का लाभ कर्मचारियो को मिले। पेंशन के हकदार बने। जो सरकारी कर्मचारियों को सरकार की तरफ से सूलियत मिलती है, वह हमें भी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि 6 माह सरकार के बीत जाने पर जिला पार्षद कैडर कर्मचारियो की मांगों को पूरा नहीं किया गया, जिसके चलते सामूहिक अवकाश पर जाना पड़ा।

# जिला परिषद कैडर कर्मचारियों ने वीडीओ फतेहपुर के माध्यम से निदेशक को ज्ञापन भेज रखी मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
मंगलबार को ब्लॉक फतेहपुर में तैनात जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों ने वीडीओ फतेहपुर के माध्यम से पँचायत राज बिभाग के निदेशक कों ज्ञापन भेज अपनी मांगो से रूबरू करबाया है। ज्ञापन देने से पूर्व जिला परिषद कैडर के कर्मचारी पँचायत सचिव खटियाड़ राजेश कुमार सहित अन्य ने बताया मंगलबार को ब्लॉक फतेहपुर के जिला परिषद कैडर के कर्मचारी सामूहिक अबकाश पर चल रहे है बताया उनकी मांग यही है कि उन्हें किसी भी विभाग में मर्ज किए जाए साथ ही छठे बेतन आयोग का लाभ दिया जाए। वहीं पँचायत सचिब ब्लॉक अध्यक्ष जसबीर सिंह ने बताया मंगलवार को सभी जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों ने पहले गेट मीटिंग की है।



# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्य तेल की दरें

**दरें तय**

8 एपीएल परिवारों के लिए फोर्टिफाइड सोया रिफाइंड तेल की बिकी दर 104 रुपये तय की है

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**प्रदेश सरकार** आम आदमी को राहत पहुंचाते हुए व्यवस्था परिवर्तन के अपने संकल्प को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में भी सक्रिय दृष्टिकोण से कार्यान्वित कर रही है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को किफायती दरों पर फोर्टिफाइड खाद्य तेल उपलब्ध करवाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि सरकार ने प्रदेश की उचित मूल्य दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफ एसए लाभार्थियों और एपीएल परिवारों के लिए फोर्टिफाइड सोया रिफाइंड तेल की बिक्री दर 104 रुपये तय की है। उन्होंने कहा कि रिफाइंड तेल की दरें एनएफ एसए लाभार्थियों के लिए आठ रुपये तथा एपीएल परिवारों के लिए 13 रुपये कम होंगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से लगभग 7.54 लाख एनएफएसए राशन कार्ड धारक और लगभग 11.53 लाख एपीएल राशन कार्ड धारकों सहित लगभग 19 लाख राशन कार्ड धारक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल की यह दरें पिछली दरों की तुलना में काफी कम हैं। इससे पूर्व एनएफएसए उपभोक्ताओं के लिए खाद्य तेल 112 रुपये प्रति लीटर और एपीएल उपभोक्ताओं के लिए 117 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध हो रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए कई उपाय कर रही है। हाल ही में राज्य सरकार ने सरसों तेल के दाम 37 रुपये प्रति लीटर कम करने का निर्णय लिया है। अब राशन कार्ड धारक उचित मूल्य की दुकानों से सरसों का तेल 110 रुपये प्रति लीटर की दर पर खरीद सकते हैं।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को कम दरों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है और नागरिकों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लिया गय।

# घर से दो किलो 969 ग्राम चूरा पोस्त बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर के तहत पुलिस थाना इंदौरा के टिब्बी गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति से दो किलो 969 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कायवाही की है। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टिब्बी गांव में नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए आरोपी बलवीर निवासी टिब्बी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा से दो किलो 969 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। आरोपी को गिरफतार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही की गई है।

# धर्मशाला में खेले जाएंगे वन-डे विश्व कप के पांच मैच

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला।** दुनिया के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से एक धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को एक साथ आईसीसी वन-डे वर्ल्ड कप-2023 के पांच मैचों की मेजबानी मिली है। इस साल अक्टूबर-नवम्बर में भारत में आयोजित होने वाले वन-डे वर्ल्ड कप-2023 के शेड्यूल का ऐलान होने के साथ ही धर्मशाला को यह बड़ी मेजबानी मिली है। हालांकि टीम इंडिया धर्मशाला में एक ही मैच खेलेगी जो 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ होगा। बावजूद इसके धर्मशाला को विश्व कप के पांच मैच मिलना बड़ी उपलब्धि है। आईसीसी द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक धर्मशाला में विश्व कप के मैचों का यह सिलसिला सात अक्टूबर से शुरू होगा। सात अक्टूबर को बांगलादेश और अफगानिस्तान की टीमें धर्मशाला में आमने-सामने होंगी। यह मैच सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा। इसके बाद 10 अक्टूबर को बांगलादेश की टीम इंगलैंड के साथ अपना मैच खेलेगी। यह मैच डे-नाईट होगा जो दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा। 17 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और क्वालीफायर एक टीम के बीच धर्मशाला में मुकाबला होगा। यह मैच भी दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा।

# खन्ना ने सुक्खू से श्री ध्यानु भगत मंदिर के पुनः निर्माण हेतु आग्रह किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**भाजपा प्रभारी** अविनाश राय खन्ना ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को लिखा पत्र। अविनाश राय खन्ना ने अपने पत्र में लिखा कि मै आपकी जानकारी में लाना चाहता हुं कि जिला-नादौन, हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में श्री ध्यानू भगत जी का मंदिर स्थित है। श्री ध्यानू भगत जी जोकि माता बालासुंदरी देवी के प्रबल भक्त थे। ऐसा कहा जाता है कि भक्त ध्यानु भगत ने माता बालासुंदरी देवी जी को अपना सिर अर्पित कर दिया था। जब माता बालासुंदरी देवी जी ने उनके हाथों से भोजन प्रसाद लेने और उनकी कई प्रार्थनाओं को स्वीकार नहीं किया था। उनके इस बलिदान से प्रशन्न होकर माता ने आदेश दिया की उनके दर्शन करने से पहले ध्यानु भगत को प्रणाम करेंए उसके पश्चात मेरे दर्शन होंगे। श्री ध्यानु भगत जी के मंदिर की बहुत ही मान्यता है। यहाँ पर हमेशा श्रद्धालुओं का शैलाब उमड़ा रहता है। लेकिन इस मंदिर की हालत बहुत ही खराब है।




Jal Shakti Vibhag
Govt. of Himachal Pradesh

**"NOTICE INVITING TENDER"**

Sealed item rate tender are hereby invited on PWD form 6 & 8 by the **Executive Engineer, Jal Shakti Division Anni** on behalf of the Governor of H.P. for the following works from the approved and eligible contractor/firm enlisted in H.P. Jal Shakti Vibhag in the appropriate class so as to reach in this office on or before **30.06.2023** up to **12:00P.M** and will be opened on the same day at **12.30 P.M.** in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tender form can be had from this office against cash payment (non-refundable) on any working day up to **28.06.2023** till **04:00 P.M.** The tender should accompany the earnest money in the shape of National Saving Certificate/Time Deposit Account/FDRs in any of the post office/Nationalized Bank in duly pledged in favour of the Executive Engineer, JSV Division Anni.

| Sr. No. | Name of work. | Estimated cost. | Earnest Money | Time limit | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Water supply scheme Soidhar Beungal in Anni Block Distt Kullu (HP)(SH:-C/o RCC Circular Storage Tank Capacity 20000 Ltr.) | 223517 | 4470/- | 2 Months | 250/- |
| 2 | FLWSS to NC/PC Habitation in CV Farshanali Dingidhar in Anni Block Distt Kullu (HP)(SH:- Laying Jointing and Testing of GI pipe 20 mm dia =1700 Rmt to Khegsu Village) | 220542 | 4411/- | 2 Months | 250/- |
| 3 | Restoration of Rain damages to various WSS under JSV section Bagipul in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:-C/o 8 Nos Intake Chamber different location) | 259104 | 5182/- | 2 Months | 250/- |
| 4 | Restoration of Rain damages to LIS Khabu Stangidhar in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:- Dismantling and Relying of Feeder pipe 150 mm dia (MC) by Butt welding and C/o Wire Crate work) | 389176 | 7784/- | 3 Months | 250/- |
| 5 | FWSS to Dried up Sources of GP Bari Tunnan Poshuna Bahawa etc in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:-C/o RCC Storage Tank 10000 ltr capacity Village Shegri) | 208653 | 4173/- | 2 Months | 250/- |
| 6 | Aug. of LWSS Dohad Khad to GP Fanauti & Karshigad in Anni Block Distt Kullu (HP)(SH:- C/o Formation cutting for approach road & C/o cement concrete Road to pump house) | 357892 | 7158/- | 2 Months | 250/- |
| 7. | A/R & M/O LWSS to NC/PC Habi of GP Shilli Ganog Lot Darah Nither and Debra in Anni Block Distt Kullu (HP)(SH:- Rewinding of 120BHP motor at Kalogand Garat with all required accessories. | 357629 | 7153/- | 2 Months | 250/- |
| 8. | Providing to Dried up sources of GP Bari Tunnan Poshuna Bahawa etc in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:-C/o Sedimentation tank cum Filter Bed at Kunni Khad) | 472466 | 9449/- | 2 Months | 250/- |
| 9. | Aug. of various WSS under GP Chail Sarahan Nore and Rahnu in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:- C/o RCC Intake Chamber=2 Nos and Laying Jointing and Testing GI pipe 40 mm dia =2750 Rmt | 487456 | 9749/- | 4Months | 250/- |
| 10. | Aug. of various WSS under GP Chail Sarahan Nore and Rahnu in Nirmand Block Distt Kullu (HP)(SH:-C/o RCC Storage Tank 50000 ltrs capacity=1 No and Laying Jointing and Testing GI pipe 40 mm dia=750 Rmt | 492532 | 9851/- | 4 Months | 250/- |
| 11 | CAD work to FIS Rathoh Kuhal in Anni Block Distt Kullu (HP)(SH:-Providing and supplying of Butt fusion jointing machine for HDPE pipe jointing having dia meter ranging from 63 mm to 200 mm and Cast Iron Sluice Valve of various dia meter under JS Sub Division Dalash) | 498800 | 9976/- | 2 Months | 250/- |
| 12. | Aug of WSS Karshaigad Digerh in CV Bishaladhar in Anni block Distt Kullu (HP)(SH:-Providing and supplying cast iron Sluice valve of various diameter and Tol Kit for pump house | 498191 | 9964/- | 2 Months | 250/- |

**Terms and Conditions.**
1. The Earnest money or certificate of exemption of Earnest Money. Shall be attached with the tender documents.
2. Certificate of registration with Jal Shakti Vibhag in appropriate class and latest renewal thereof.
3. Copy of PAN card, GST registration and latest annual Income tax return thereof.
4. The contractor shall submit EPF/ESIS registration in case the same is not available at the time of tender it should be submitted before commencement of any work awarded to him/her failing which no work will be awarded.
5. The firms/contractors have to submit the affidavit specifying that the benefit availed under earnest money exemption has not been exhausted so far Any wrong submission in the matter will directly lead to cancellation of bid. In case the bidder fails to submit the required affidavit then he has to submit the earnest money.
6. Conditional tenders and the tenders received without earnest money will out rightly be rejected.
7. The contactors/firms are required to quote the rate of each item in words as well as in figures failing which Executive Engineer reserves the right to accept/reject any overall tender.
8. The undersigned reserves the right to reject/ accept any or all tenders without assigning any reason.
9. The date of sale/receipt and opening of tender shall be considered as next day if holiday happens on above specified date.
10. The offer of the tender shall be kept open for 120 days from the date of opening of tender.

Executive Engineer
Jal Shakti Division, Anni
District Kullu (H.P.)

No. EE-JSDA-DA-C78-Tender/2023- 3152-91 Dated:- 19/06/2023

1. The Chief Engineer (MZ), JSV Department Mandi.
2. The Superintending Engineer JSV Circle, Kullu.
3. All the Executive Engineers under JSV Department.
4. All the Assistant Engineers under this Division.
5. Various Contractors.
6. Notice Board.

RO No. 1373/2023-2024

Executive Engineer
Jal Shakti Division, Anni
District Kullu (H.P.)

## न्यूज फ्लैश

### 100 पव्वा शराब पकडी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बरसाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को 100 पव्वा हरियाण मार्का शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सरकारी माध्यमिक स्कूल बहद ग्राम सींह के पास से भरत सिंह पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम जानू थाना बरसाना मथुरा को मय 02 पेटी (100 पव्वा) अवैध देशी शराब मस्ताना ब्रान्ड हरियाण मार्का के गिरफ्तार किया गया।

### रात में पुलिस की दो जगह हुई मुठभेड, चार को लगी गोली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस की सोमवार की रात को दो जगह बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बाल अपचारी सहित कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से चार को पुलिस की गोली लगी है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना गोविंद नगर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आमिर पुत्र शेरा उर्फ शेर मोहम्मद निवासी सुखदेव नगर, सौंखरोड़ थाना कोतवाली मथुरा और मौसिम पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी महेन्द्र नगर, मंडी चौराहा थाना हाईवे मथुरा को गिरफ्तार किया है। दोनों के ऊपर 20 हजार का इनाम घोषित था। इनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, एक चोरी का आभूषण (सफेद धातु) व दो तमंचा बरामद किए हैं। पुलिस को दोनों आरोपितों की लूट की घटना में तलाश थी। इसी रात को पुलिस की दूसरी मुठभेड़ थाना छाता में हुई। 22 जून को रात्रि 11.30 बजे छाता क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल और मल्टीमीडिया फोन की लूट की घटना हुई थी। इसी घटना के खुलासे में दौताना अंडरपास के पास से पुलिस ने लूटी मोटरसाइकिल, फोन बरामद किये हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मोनू पुत्र डगम्बर निवासी निवासी पैगाव थाना शेरगढ़ मथुरा, कर्मवीर पुत्र बच्चू निवासी पैगाव थाना शेरगढ़ मथुरा को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। इस घटना में पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक बन्दूक, दो तमंचा तथा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

### छोटे बकायेदारों पर बेजां सख्ती का विरोध

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली चरमरा रही व्यवस्था को लेकर लोग मुखर हो रहे हैं। किसान संगठनों के कार्यकर्ता लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं। वहीं सामाजिक संगठन भी इस मुद्दे पर आगे आने लगे हैं। जनमुक्ति मोर्चा ने छोटे बकायेदारों के कनेक्शन बेहद कम बिल बकाया होने पर भी विभाग द्वारा काटने जाने का मुद्दा उठाया है। वहीं बिलों में आ रहीं त्रुटियों को समय पर ठीक नहीं करने और उपभोक्ताओं का शोषण किये जाने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष लीलावती के नेतृत्व में जिला मंत्री तुलसीराम एडवोकेट, उपध्यक्ष पप्पू वर्मा, दयाराम, गजेन्द्र सिंह, मानसिंह यादव, मुन्नी देवी, महेश, निर्मला आदि शामिल थे। किसान नेता छीतर सिंह ने मोर्चा की सभी मांगों का समर्थन किया है। जनमुक्ति मोर्चा ने बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। अघोषित कटौती, छोटे बकायेदारों को कनेक्शन काटा जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके अलावा मोर्चा ने शहर में पेयल, पानी निकासी की समस्या का मुद्दा भी उठाया है। शहर में सार्वजनिक संपत्तियों की सूची तैयार कर भू माफिया के कब्जे से सरकारी जमीनों को मुक्त करा कर उसे किराये पर रह रहे लोगों और भूमि हीनों में वितरित किये जाने की मांग की है।

### डा.गुरूदेव परिहार को भाकियू भानू में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन भानू का कुनबा जनपद में लगातार मजबूत हो रहा है। भाकियू अखण्ड से कई कार्यकताओं ने इस्तीफा देने के बाद भाकियू भानू का दामन थामा था। अब इनमें से कुछ को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर राष्ट्रीय सचिव धर्मेन्द्र चौधरी ने डा.गुरूदेव परिहार को भारतीय किसान यूनियन भानू का प्रदेश महासचिव व गोपाल सिकरवार को प्रदेश सचिव युवा मोर्चा नियुक्त किया है। इससे पहले डा.गुरूदेव परिहार ने भारतीय किसान यूनियन अखण्ड से इस्तीफा दिया और पूरी कार्यकारिणी के साथ भानू गुट में शामिल होने की घोषणा की थी। स्तीफा देने वालों में भाकिूय अखण्ड के जिलाध्यक्ष भी शामिल थे। विपिन प्रधान, धर्मेन्द्र, नित्या पहलवान, केके रावत, दीनू सिकरवार, जीतू, हरिओम, राजेश, मुकेश, भोला आदि ने नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त किया है।

# मुड़िया मेला का जेबकतरों और उठाईगीरों को भी रहता है इंतजार

## -पुलिस ने श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए जगह जगह लगवाए सजगता बोर्ड



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुडिया मेला का श्रद्धालुओं को वर्षभर बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं जेब करते, मोबाइल चोर भी इस करोडी मेला का इंतजार करते हैं। सोमवार की रात बस स्टैंड पर जयपुर की एक महिला श्रद्धालु जेब कटों की शिकार हो गई। एक मोबाइल भी चोरी हो गया। महिला श्रद्धालु कुछ समझ पाता कि तब तक आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। हालांकि इस पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों को इनकी निगरानी के लिए लगाया है। गोवर्धन का राजकीय मुड़िया मेला 27 जून से शुरू हो चुका है। तीन जुलाई को मुड़िया संत शोभायात्रा निकालेंगे। मंगलवार की रात से बुधवार तड़के तक अनुमानित 50 हजार श्रद्धालु भक्तों ने गोवर्धन की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा मार्ग में भीड़ के सैलाब को देख जेब कट और चेन स्नेचरों के गैंग ने भोगांव, करहल, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, दिल्ली आदि से आकर गोवर्धन में डेरा डाल दिया। दानघाटी और जतीपुरा मुखारविंद, मानसी गंगा गिरिराज मंदिर में आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं को अपना शिकार बना कर मोबाइल, पर्स आदि पर हाथ साफ कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। बस स्टैंड परिसर में जयपुर की गरिमा सिंह को शिकार बना लिया। महिला का पर्स चोरी कर फरार हो गए। एक यात्री का मोबाइल चोरी कर ले गए। महिला के पर्स में पांच रूपए और जरूरी कागजात बताए गए हैं। पर्स चोरी और जेब कट चेन स्नेचर गैंग की सूचना पर गोवर्धन पुलिस कस्बा चौकी इंचार्ज यशपाल के साथ बस स्टैंड पहुंची। बस स्टैंड परिसर में लेट रहे आधा दर्जन से अधिक संदिग्ध महिला, पुरुषों को चेतावनी देकर पुलिस ने वहां से भगा दिया।

# बरसात से बढ़ा यमुना का जलस्तर, पैंटून पुल हटाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कुछ दिन से हो रही बरसात से यमुना का जलस्तर बढ गया है। खतरे को भांपते हुए यमुना पर बने पैंटून पुल को हटाया जा रहा है। वृंदावन में यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा पैंटून को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिससे की किसी प्रकार की घटना घटित न हो सके। वहीं विभाग द्वारा ग्रामीणों को लाने ले जाने के लिए स्टीमर का संचालन भी शुरू कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में सहूलियत मिल सके। मानसून को देखते हुए और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसका असर तटीय इलाकों में भी दिखने लगा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर



15 जून से ही पैंटून पुल को हटाने के आदेश दे दिए गए थे। किसी कारण वस पुल से आवागमन पर प्रतिबंध नहीं हुआ। लेकिन जैसे ही यमुना के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई तो स्वयं पुल क्षतिग्रस्त हो गया। जिसको संज्ञान में लेते हुए मंगलवार से विभाग द्वारा केशी घाट स्थित पैंटून पुल को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ठेकेदार नारायण शर्मा ने बताया की यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए चार माह तक पुल का संचालन बंद रहेगा।

# जाकों राखे साइयाँ मार सके न कोय

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जाकों राखे साइयाँ मार सके न कोय वाली कहावत राया में चिरितार्थ होते देख एकबारगी लोगों को अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हुआ लेकिन जब भरोसा हुआ तब उन्हें सुखद अनुभूति हुई और भगवान का धन्यवाद किया। राया क्षेत्र अंतर्गत बलदेब रोड स्थित गांव सियरा के समीप पशुओं से लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने दवा लेने जा रहे बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया।
जिसके चलते पति पत्नी बाइक से उछलकर दूर गिर पड़े और तेज रफ्तार ट्रक बाइक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। आगे एकांत में गाड़ी को खड़ी कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर राया पुलिस घटनास्थल पर पहुँच गयी और ट्रक में फंसी बाइक को निकाल कर अपने कब्जे में ले लिया। गांव खिरारी निवासी रंजीत अपनी पत्नी को दवा दिलाने जा रहा था। गांव से निकलते ही पशुओं से भरे ट्रक संख्या आरजे 11 जीबी 6802 के चालक ने



मोटरसाइकिल को घसीट लिया। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे इस तरह उनकी जान बच गई और बाइक ट्रक में फंस गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने दोनों पक्षों का सुलहनामा कराकर गाड़ी में भरे पशुओ को बगैर किसी कार्यवाही के छोड़न दिया। राया क्षेत्र से प्रतिदिन दर्जनों गाड़िया पशु लाद कर निकलती हैं।
इन्हें राया मेंएंट्री शुल्क देकर निकलने दिया जाता है।

# कमिश्नर को किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने कमिश्नर अमित गुप्ता को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में किसानों की विभिन्न समस्याओं को व विशेष रूप से आलू किसानों की समस्या समाधान की मांग की। भाकियू अराजनैतिक एक पदाधिकारी ने ज्ञापन में विभिन्न समस्याओं को उठाया है, जिसमें आलू किसानों के मुद्दे को लेकर संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।
सरकार ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों के लिए आलू भंडारण किराया निर्धारित है, मालिक सरकार के निर्धारित किराए से अधिक वसूल रहे हैं, बार बार शिकायत कर दी, मालिकों की आलू किसानों से लूट जारी है।

# ई रिक्शा : किसी के लिए रोजगार, किसी के लिए समस्या

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री धाम वृन्दावन में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या से जूझ रहे व्यापारी वर्ग ने मंगलवार को वृंदावन कोतवाली प्रभारी से मुलाकात कर समस्या के निदान की मांग की। पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ती ई रिक्शा की संख्या के चलते शहर में जाम की समस्या जटिल हो चली है। वृंदावन में जाम की समस्या पहले से थी जो अब और जटिल हो गई है, इसके लिए ई रिक्शा को अधिक जिम्मेदार माना जा रहा है। प्रशासन के तमाम वायदे भी इस समस्या से छुटकारा नहीं दिला सके हैं। मंगलवार को उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों ने



कोतवाली प्रभारी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। व्यापारियों का कहना है कि प्रमुख बाजारों में जाम के चलते उनके व्यापार पर विपरीत प्रभाव तो पड़ ही रहा है, स्थानीय लोगों को भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार सिंह ने जल्द ही समस्या के निदान का भरोसा दिलाया है। व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताएगी कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में ई-रिक्शा की संख्या के बढ़ने के कारण नगर में जाम की समस्या एक गंभीर समस्या बनकर उभर रही है। क्योंकि वृंदावन नगर का क्षेत्र और गालियां छोटी है, लेकिन उसके विपरीत ई-रिक्शा कई ज्यादा संख्या में है।

# समाज सुधार के लिए लड़कियों की शिक्षा बेहद जरूरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
संत चड विन्दा दास जी महाराज ने कहा है कि आज के युग मे समाज सुधार के लिए लड़कियों की शिक्षा बेहद जरूरी है,क्यों कि लड़की दो परिवारों को चलाती है। श्री बृज आदर्श इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट परीक्षा में अपने कॉलेज के छात्रा वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मांट क्षेत्र के विभिन्न स्कूल कॉलेज की छात्राओं का सम्मान समारोह तुलसी संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे तुलसी संस्था के अध्यक्ष चडविन्दा दास महाराज ने कहा कि आज का समय ऐसा है,कि लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, क्यों कि आज उच्च शिक्षा का नतीजा




है,कि देश के सर्वोच्च पद पर आज एक महिला आसीन है। तुलसी संस्था की महासचिव कंचन गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है,और उन्हें आगे बढ़ने के प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में इस तरह के कार्यक्रमों में मांट तहसील की ऐसी महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। जिन्होंने किसी क्षेत्र में ख्याति प्राप्त की हो। एसडीएम प्रीति जैन ने कहा कि यदि आप एक मंजिल चुनो और ठान लो कि हमें उस तक पहुंचना है,तो एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। पदम् सिंह शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए तुलसी संस्था को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में राज लक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. ज्योति लक्ष्मी, योगेंद्र सिंह सेंगर, राजेश मंगल, धीरज लाल कटारा, गौरव राज गुप्ता, जसविंदर सिंह जस्सू, आशिमा सिंह, नवनीत चतुर्वेदी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोज गोयल, बृज स्थली एकेडमी टेंटीगांव के प्रबंधक कुलदीप लवानियां आदि मौजूद रहे।

# भव्य फूल बंगले में राधा दामोदर लाल ने दिए भक्तों को दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन के सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में सोमवार को ठाकुर राधा दामोदर लाल को गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु भव्य फूल बंगले का आयोजन किया गया है। साथ ही ठाकुर राधा दामोदर लाल को कलियों से बनाई गई पोशाक धारण कराई गई है।
वही साथ ही मंदिर परिसर में साधु संत वैष्णव सेवा एवं छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए मंदिर के अंग सेवी सेवायत दामोदर चंद्र गोस्वामी ने बताया कि राधा दामोदर मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य श्री कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में भव्य फूल बंगला, छप्पन भोग एवं साधु वैष्णव सेवा का आयोजन किया गया है।
उन्होंने बताया कि वृंदावन में ठाकुर जी की सेवा एक बच्चे के रूप में की जाती है। इसी के चलते ठाकुर जी को अधिक गर्मी ना लगे इस कारण से समय-समय पर मंदिर परिसर में ठंडक प्रदान करने वाले फूलों से बंगला सजाया जाता है और साथ ही मंदिर में विराजमान ठाकुरजी को कलियों से निर्मित पोशाक धारण कराई जाती है। जिससे कि राधा दामोदर लाल को गर्मी से राहत प्रदान हो सके। वहीं उन्होंने बताया कि आज के इस मनमोहक दृश्य को देखने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी भक्तगण मंदिर परिसर में मौजूद हुए हैं।

# वृंदावन में मिला वृद्ध का शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की एक वृद्ध मृत अवस्था में दल्लान बाग की बाउल बाउंड्री के अंदर पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब जामा तलाशी की तो उसके पास से राम कृष्ण अस्पताल के पर्चे व विद्युत संयोजन बिल की रसीद मिली।
जिससे उसकी पहचान टटिया स्थान धोबी घाट स्थित केशव नगर निवासी 76 वर्षीय ताराचंद उम्र करीब के रूप में हुई। जिसकी सूचना पुलिस ने कागजी दस्तावेजों के आधार पर फोन से उसके परिजनों को दे दी। सूचना पहुंची उसकी पुत्रवधू आशा ने शव की पहचान की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही वृंदावन कोतवाली प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही वृंदावन पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# गांव गांव पहुंच रहे किसान संगठन के कार्यकर्ता

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने मंगलवार को भी गांवों का दौरा किया और किसानों की समस्याओं को उठाया। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, राजवीर सिंह ने मथुरा ब्लॉक के सलेमपुर, अमरा, नगरा महोली, नगला मेवाती, धन्नापुर आदि गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याओं को सुना। जुलैहदी माइनर को देखा। पवन चतुर्वेदी ने बताया कि धान लगने का समय चल रहा है



ग्रामीणों से बात करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता।

लेकिन अभी तक माइनर की सफाई नहीं हुई है। पानी नहीं छोड़ा गया तो सिंचाई कैसे करें। ग्रामीणों ने बताया आवारा गोवंश से खेती को ज्यादा नुकसान हो रहा है। जंगली सूअर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई भी पर्याप्त नहीं दी जा रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से हरवीर सिंह, मनोज चैधरी, राजेश सेठी, प्रशांत चौधरी, रंजीत चौधरी, अजय चौधरी, शेर सिंह चौधरी, नेत्रपाल चौधरी मौजूद थे।

# केएम के आपके गांव आपके द्वार अभियान को मिल रही प्रशंसा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प विकास खंड बलदेव में ग्राम पंचायत सेलखेड़ा के पंचायत भवन सचिवालय में ग्राम प्रधान के सहयोग से लगाया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों ने कैंप का लाभ उठाया। केएम परिवार आपके गांव आपके द्वार की मुहिम हर हर गांव पहुंच रही है जिसके तहत ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोग केएम हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ निःशुल्क अपने ही गांव में ले रहे है। इसी क्रम में केएम हॉस्पिटल की डॉक्टर टीम रविवार को बलदेव कस्बे के गांव सेलखेड़ा पहुंची, जहां ग्राम प्रधान अतर



सिंह, समाजसेवी थान सिंह के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। जहां डॉक्टर गरिमा केशर, डा. प्रियंका, डा. अपूर्वा, डा. रचना ने आंख रोग, टीवी रोग, नाक कान गला रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, आर्थो एवं पीडीऐट्रिक्स के मरीजों का चेकअप किया तथा निःशुल्क परामर्श दिया, गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती होने की सलाह दी। डा. अपूर्वा कौशिक ने बताया कि आज के कैम्प में सबसे अधिक आंखों के मरीज आए थे, जिनमें मोतियाबिंद, आंखों में इंफेक्शन के मरीजों ने निःशुल्क दवा और परामर्श लिया, मौसम में बदलाव होने के कारण बच्चों की संख्या कैम्प में सर्वाधिक देखने के मिली जिनका निःशुल्क इलाज किया गया है। कैम्प में सभी स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था करने वालों में केएम हॉस्पिटल के हरेन्द्र, दीपक कंसल, नीरज दिनेश का सहयोग रहा। निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प की प्रशंसा करते हुए प्रवेन्द्र सिंह, बनी सिंह विक्रम सिंह, रामजीत सिंह, निरंजन सिंह ने बताया कि गांवों में केएम हॉस्पिटल की स्वास्थ्य सेवाओं से हमें अपने ही गांव में लाभ मिल जाता है, शहर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम सुपर स्पेशलिटी के चेयरमैन किशन चौधरी के इस कार्य से हम जैसे गरीबों का उपचार फ्री में अपने गांव में ही मिल रहा है। रविवार आयोजित स्वास्थ्य कैम्प में दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने निःशुल्क दवा, परामर्श चिकित्सकों से पाया।

# विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को लेकर बैठक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को सफल बनाने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि पखवाड़ा के दौरान सभी आशा कार्यकर्ता के कार्य क्षेत्र में सास बेटा बहु सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, पिछले वर्ष जिन आशा कार्यकर्ता ने परिवार नियोजन में अच्छा कार्य किया है उनको जिला अधिकारी द्वारा 11 जुलाई को सम्मानित किया जाएगा, एवं उन आशाओं के नाम जिले के समस्त चिकित्सालय एवं जिला



विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की बैठक में मौजूद अधिकारी।

अधिकारी कार्यालय, विकास भवन पर दीवार लेखन किया जाएगा।
जिलाधिकारी द्वारा आदेशित किया गया है कि इस वर्ष जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में परिवार नियोजन पर विशेष ध्यान देना होगा जिससे विगत वर्ष की भांति जिला इस बार सबसे नीचे ना रहे।

## लू और कम उत्पादन ने बढ़ाए टमाटर के दाम; RBI की महंगाई कम करने की कोशिशों पर फिर सकता है पानी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी, कम उत्पादन और बारिश में देरी से टमाटर की खुदरा कीमतें देश के कुछ हिस्सों में अब 120 रुपये किलो तक पहुंच गई हैं। थोक बाजारों में यह 70 रुपये किलो तक है। टमाटर के साथ कुछ सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में आरबीआई की महंगाई कम करने की कोशिशों पर ये कीमतें पानी फेर सकती हैं। व्यापारियों के मुताबिक, मई में टमाटर की कीमतें थोक बाजार में 3-5 रुपये किलो और खुदरा बाजार में 10-20 रुपये किलो थीं। लेकिन जून में यह अचानक बढ़ गई और अब 100 रुपये के पार है। पिछले हफ्ते में टमाटर की कीमतें तीन गुना बढ़ी हैं। हरियाणा व उत्तर प्रदेश से टमाटर की आपूर्ति कम होने से बंगलूरु से टमाटर आ रहा है। हाल में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। इससे व्यापारी तारों के भरोसे पौधों को खड़ा कर रहे हैं। दिल्ली के व्यापारी महाराष्ट्र के किसानों से टमाटर मंगाने के लिए बात कर रहे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि आगे भी कीमतें ऊंची रहेंगी, ऐसी संभावना नहीं है। जब नई फसल आएगी तो कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। लेकिन अगर हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में बारिश ज्यादा रही तो फसलों पर असर पड़ सकता और कीमतें ऊंची रह सकती हैं। खबरों के मुताबिक, पिछले साल टमाटर की बुआई कम हुई थी, क्योंकि ज्यादातर किसानों ने बीन्स की बुआई शुरू कर दी थी। टमाटर की तुलना में बीन्स का भाव ज्यादा होने से किसानों की अच्छी कमाई होती है। व्यापारियों का कहना है कि जब पिछले महीने टमाटर की कीमतें एकदम निचले भाव पर पहुंच गई थीं, तब किसानों ने इसकी फसल को खेतों में वैसे ही छोड़ दिया था, जिससे काफी फसल बर्बाद हो गई और इससे आवक भी घट गई।

## अमेरिका में चल रही जांच पर अदाणी ग्रुप ने जारी किया बयान, कहा- सब नियमों के मुताबिक किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका में अदाणी ग्रुप के निवेशकों से हो रही पूछताछ पर अब कंपनी की तरफ से आधिकारिक बयान जारी किया गया है। इस बयान में कहा गया है कि उनका डिस्क्लोजर सार्वजनिक रिकॉर्ड में उपलब्ध है और उनके निवेशकों को अमेरिकी अथॉरिटीज द्वारा जारी किए गए समन की उन्हें जानकारी नहीं है। कंपनी ने ये भी कहा है कि उन्होंने सारे काम नियमों के मुताबिक ही किए हैं।

**हिंडनबर्ग के आरोपों पर अमेरिका में निवेशकों से हो रही पूछताछ**

बता दें कि हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद अमेरिका के ब्रूकलिन में यूएस अटॉर्नी के ऑफिस द्वारा ग्रुप की जांच की जा रही है। इसके बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि हमारे सभी डिस्क्लोजर सार्वजनिक रिकॉर्ड में हैं। यह एक रुटीन जांच है जो विभिन्न रेगुलेटर प्राधिकरण करते रहते हैं। अदाणी ग्रुप की कंपनियों ने नियमों और कानून के मुताबिक ही काम किए हैं।

**समूह ने कहा- अनावश्यक अटकलों से बचें**

समूह के बयान में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की गई विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट का भी जिक्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदाणी समूह ने कर्ज कम करने, ताजा निवेश जैसे उपाय किए हैं, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। सेबी कुछ पहलुओं की जांच कर रहा है और अदाणी समूह द्वारा जांच में सहयोग किया जा रहा है। समूह ने अनावश्यक अटकलों से बचने की अपील की है। समूह ने कहा कि अदाणी समूह कॉरपोरेट प्रशासनिक ढांचे के तहत काम करता है और सभी कानूनों और नियमों को मानता है। समूह ने हिंडनबर्ग के आरोपों को खारिज कर दिया है। बता दें कि मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने छह सदस्यों की एक कमेटी गठित की थी, जो हिंडनबर्ग के आरोपों की जांच कर रही है। कोर्ट ने सेबी को भी अपनी जांच दो महीने में पूरी करने का निर्देश दिया है और स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

## रुकेगा निवेशकों की रकम का दुरुपयोग, शेयर खरीदने पर ही कटेगा पैसा, एक जनवरी से लागू

**नई दिल्ली।** शेयरों की खरीद-फरोख्त में निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए सेबी ने नियम लाया है। निवेशकों के खातों से तभी रकम कटेगी, जब वे शेयर खरीदेंगे। उन्हें ब्रोकरों को पहले यह पैसा नहीं देना होगा। सेबी ने कहा, जिस तरह से आईपीओ में अस्बा की सुविधा है, उसी तरह से अब शेयर बाजार में शेयर खरीद पर भी अस्बा शुरू किया जाएगा। यह एक जनवरी, 2024 से लागू होगा। सेबी ने बताया, अप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) की सुविधा से निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने में मदद मिलेगी। इसके तहत निवेशक की रकम क्लियरिंग कॉरपोरेशन (सीसी) को ट्रांसफर की जाएगी, लेकिन यह तब तक ग्राहक के खाते में रहेगी, जब तक कि शेयर की खरीद-फरोख्त पूरी नहीं हो जाती है। जो निवेशक एकमुश्त रकम ब्लॉक करना चाहते हैं, उनकी रकम कई बार में खाते से कटेगी। यह उनके खाते में जमा पर निर्भर होगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी कायम है। ब्रेंट क्रूड का भाव 75 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है।



इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.40 फीसदी की उछाल के साथ 74.48 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.35 डॉलर यानी 0.50 फीसदी की बढ़त के साथ 69.72 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## ईपीएफओ ने उच्च पेंशन के लिए आवेदन करने की तारीख 11 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने उच्च पेंशन के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख एक बार फिर बढ़ा दी है। ईपीएफओ ने पात्र सदस्यों के लिए आवेदन करने की समय-सीमा 26 जून से बढ़ाकर 11 जुलाई कर दी है। ईपीएफओ ने जारी एक बयान में बताया कि पात्र कर्मचारियों के लिए आवेदन जमा करने की समय-सीमा बढ़ाकर 11 जुलाई, 2023 कर दी गई है। बयान के मुताबिक पात्र पेंशनभोगियों और अंशधारकों को 15 दिन के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। यह दूसरा मौका है, जब ज्यादा पेंशन का विकल्प चुनने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। इससे पहले इसे तीन मई से बढ़ाकर 26 जून किया गया था। बयान के मुताबिक किसी भी पात्र पेंशनभोगी या सदस्य जिसे केवाईसी अद्यतन करने में समस्या होने से विकल्प के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, वह तुरंत समाधान के लिए 'ईपीएफआई जीएमएस' पर इसकी शिकायत दर्ज करा सकता है।




## विशेष सहायता योजना के तहत 16 राज्यों के लिए 56,415 करोड़ रुपये मंजूर

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में घोषित विशेष सहायता योजना के तहत 16 राज्यों के लिए 56,415 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राज्यों को चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 1.3 लाख करोड़ रुपये तक की राशि 50 साल के ब्याज-मुक्त ऋण के तौर पर दी जा रही है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि व्यय विभाग ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 16 राज्यों को 56,415 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के मुताबिक यह राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, जल आपूर्ति, बिजली,




सड़क, पुल और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश परियोजनाओं के लिए दी गई है। इन क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति बढ़ाने के लिए जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्यों का हिस्सा भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में राज्यों के स्तर पर पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए 'पूंजीगत निवेश को लेकर राज्यों को विशेष सहायता' योजना की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने पिछले वित्त वर्ष में भी इसी तरह की एक योजना संचालित की थी, जिसके तहत वित्त वर्ष 2022-23 में 95,147.19 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ राज्यों को 81,195.35 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। यह योजना सबसे पहले कोरोना महामारी के दौरान वित्त वर्ष 2020-21 में चलाई गई थी।

## गूगल ने सुप्रीम कोर्ट से CII के निर्देशों को रद्द करने की अपील की, लगा था 1336 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** कद्दावर बहुराष्ट्रीय टेक कंपनी गूगल ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की ओर से कंपनी के खिलाफ दिए गए सभी निर्देशों को रद्द करने का अनुरोध किया है। सीसीआई ने गूगल को एंड्रॉयड बाजार में अपने दबदबे के दुरुपयोग का दोषी ठहराते हुए उसे 10 कड़े निर्देश दिए थे और 16.1 करोड़ डॉलर (1,336 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया था, जिसका कंपनी ने भुगतान कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक, गूगल ने शीर्ष कोर्ट में दलील दी है कि उसने मार्केट में अपनी स्थिति का गलत इस्तेमाल नहीं किया है और उसे जुर्माना चुकाने के लिए जिम्मेदार नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही कंपनी ने यह भी बताने की अनुमति मांगी है कि एंड्रॉयड से कैसे उपयोगकर्ताओं और एप डवलपर्स को फायदा मिला है। पिछले साल अक्तूबर में सीसीआई ने गूगल को अपने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम को लेकर मोबाइल निर्माताओं पर लगाए प्रतिबंधों को भी हटाने का निर्देश दिया था, जिसमें गूगल के कुछ एप को मोबाइल में पहले से ही इंस्टाल करना जरूरी होता है। देश में 60 करोड़ स्मार्टफोन्स में से लगभग 97 फीसदी एंड्रॉयड पर चलते हैं। इस साल मार्च में, एक न्यायाधिकरण ने गूगल को इस मामले में कुछ राहत देते हुए कंपनी को दिए गए 10 निर्देशों में से चार को खारिज कर दिया था। अब कंपनी ने शीर्ष अदालत से उसके खिलाफ सीसीआई के शेष निर्देशों को रद्द करने की अपील की है।

## मेटा और कैट व्हाट्सऐप बिजनेस ऐप पर 10 लाख कारोबारियों को करेंगे प्रशिक्षित

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के साथ एक साझेदारी की है। जिसके तहत अगले तीन साल में 10 लाख कारोबारियों को व्हाट्सऐप बिजनेस ऐप का इस्तेमाल करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे व्यापारियों को ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचने और अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने जारी बयान में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि कैट के साथ मिलकर अगले तीन साल में 10 लाख व्यापारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। फेसबुक समेत व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम का स्वामित्व रखने वाली कंपनी मेटा ने नए उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग का कौशल सिखाने के लिए नया कार्यक्रम 'मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी' भी शुरू करने का ऐलान किया। कंपनी के मुताबिक मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी का प्रशिक्षण विशेष रूप




से नए उद्यमियों को महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में मदद करेगा। इस कार्यक्रम को पूरे भारत में छोटे और मंझोले उद्यमियों तक पहुंचाने के लिए इसके पाठ्यक्रम और परीक्षा को सात भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, बंगाली, कन्नड़, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध कराया गया है। वहीं, कारोबारी संस्था कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि सभी आकार के व्यवसाय अपने ग्राहकों के साथ जुड़ने के लिए व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए उन्हें इस प्रशिक्षण की तत्काल आवश्यकता है।

## एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर को छह फीसदी पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को छह फीसदी के अपने पूर्वानुमान पर बरकरार रखा है। एजेंसी ने इसके साथ ही कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत की आर्थिक वृद्धि दर सबसे अधिक होगी।

रेटिंग एजेंसी ने एशिया-प्रशांत के लिए जारी अपनी तिमाही आर्थिक समीक्षा में कहा कि हमारा अनुमान है कि भारत, वियतनाम और फिलीपींस की वृद्धि दर लगभग छह फीसदी रहेगी। एजेंसी ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती के कारण चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमानों को अपरिवर्तित रखा गया है। एसएंडपी को चालू वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर घटकर पांच फीसदी रहने का




अनुमान है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि आरबीआई अगले साल की शुरुआत में ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। एसएंडपी ने कहा कि सामान्य मानसून और कच्चे तेल की कीमतों में कमी के चलते मुद्रास्फीति नरम पड़ेगी। एजेंसी ने वर्ष 2023 के लिए चीन की वृद्धि दर का अनुमान 5.5 फीसदी से घटाकर 5.2 फीसदी कर दिया है। एसएंडपी ने पिछली वृद्धि दर का अनुमान मार्च में घोषित किया था। उल्लेखनीय है कि इसी हफ्ते वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.3 फीसदी कर दिया है जबकि बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.2 रही है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट : बिटकॉइन समेत 7 क्रिप्टो करेंसी में कमजोरी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज एक बार फिर गिरावट का रुख बना हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 1.07 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा आज लुढ़क कर 30,298.10 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 1.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ फिसल कर 1,880.08 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है।

आज टॉप की 10 क्रिप्टो करेंसी में से बिटकॉइन और एथेरियम समेत सात क्रिप्टो करेंसी लाल निशान में कारोबार करती नजर आ रही हैं। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.32 प्रतिशत कमजोर हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.18 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 96.81 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1



बिटकॉइन की कीमत 30,298.10 डॉलर यानी 24.86 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसी में बीएनबी 0.71 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.30 प्रतिशत, कार्डानो 2.92 प्रतिशत, डोजेकॉइन 2.32 प्रतिशत और सोलाना 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कर रही थीं। यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत और ट्रॉन 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार में टॉप 10 में शामिल टेथर इकलौती ऐसी क्रिप्टो करेंसी थी, जिसमें न तो कोई गिरावट है और ना ही इस पर तेजी आई है। ये आभासी मुद्रा आज 1 डॉलर के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में करीब 3,252 करोड़ डॉलर यानी करीब 3.67 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 5.34 प्रतिशत कम रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.07 प्रतिशत कम होकर 49.87 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा बाजार :सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज भारतीय सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं में तेजी बनी हुई है। सर्राफा बाजार में आज की तेजी के कारण सोना 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। चांदी ने आज 69 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार करने में सफल रहा है।

आज के कारोबार में सोना ने प्रति 10 ग्राम 149 रुपये की तेजी दिखाई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम करीब 800 रुपये से अधिक की मजबूती दर्ज की गई। बाजार में आई तेजी के कारण सोना आज के कारोबार में 58,544 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच कर कारोबार करने लगा। इसी तरह चांदी ने भी आज 69,095 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर हासिल कर लिया।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी



शुक्रवार को सोना का अंतिम बंद भाव 58,395 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में प्रति 10 ग्राम 149 रुपये की तेजी दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 149 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 87 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दिखाई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 149 रुपये की उछाल के साथ चढ़ कर 58,544 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 149 रुपये की मजबूती के साथ 58,310 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 136 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 53,626 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 112 रुपये चढ़ कर 43,908 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 87 रुपये महंगा होकर 34,248 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज तेजी का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 791 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई। आज की बढ़त के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार के आखिरी बंद भाव 68,304 रुपये प्रति किलोग्राम से उछल कर 69,095 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई। जानकारों का मानना है कि मौजूदा समय सर्राफा बाजार के निवेशकों के लिए काफी सतर्क रहने वाला समय है। क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जारी उतार चढ़ाव के कारण वर्ल्ड इकोनॉमी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसका असर वर्ल्ड गोल्ड मार्केट पर भी पड़ रहा है। इसलिए फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को बाजार में बड़ा निवेश करने की जगह फिलहाल हर बड़ी गिरावट पर छोटे छोटे निवेश करने की नीति अपनानी चाहिए। क्योंकि वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में आने वाली कोई भी बड़ी गिरावट भारतीय सर्राफा बाजार पर भी असर डालेगी, जिससे निवेशकों का हित प्रभावित हो सकता है।

## सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार, निवेशकों को हुआ 1.24 लाख करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार आज सपाट स्तर पर मिलाजुला रुख दिखाते हुए बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी सपाट स्तर पर ही हुई थी। दिन के कारोबार में कुछ समय के लिए बाजार ने तेजी भी दिखाई, लेकिन बाद में बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने अपनी बढ़त गंवा दी। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में फार्मास्युटिकल, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक तेजी का रुख बना रहा। दूसरी ओर एनर्जी सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने 1.04 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ दिन के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में ब्रॉडर मार्केट में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 290.71 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 289.47 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.24 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,817 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## भारत पर बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज ने ओबामा को लगाई फटकार

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के भारत पर दिये गए बयान को लेकर अमेरिकी दिग्गज जॉनी मूर ने उन्हें फटकार लगाई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आजादी पर बने अमेरिकी आयोग के पूर्व मुखिया जॉनी मूर ने कहा है कि बेहतर होगा कि ओबामा अपनी ऊर्जा किन्हीं और कामों में खर्च करें। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक साक्षात्कार में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर भारत की आलोचना की थी। इस पर जॉनी मूर ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को भारत की आलोचना करने से ज्यादा भारत की तारीफ करने में अपनी ऊर्जा खर्च करनी चाहिए। भारत मानव इतिहास में सबसे विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारत भी अमेरिका की तरह एक परफेक्ट देश नहीं है लेकिन इसकी विविधता ही इसकी ताकत है। यहां तक कि उस आलोचना में भी ओबामा ने न सिर्फ भारत की मदद की बल्कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना भी की। मैं निश्चित रूप से समझता हूं कि क्यों ओबामा ने उनके साथ कुछ समय बिताया था।



## घरेलू कलह दूर करने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म; आपबीती सुनाने पर परिवार वालों ने किया प्रताड़ित

**इस्लामाबाद।** आजकल दुनियाभर से ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसे पढ़कर रिश्तों पर से विश्वास उठ जाए। दरअसल, एक महिला ने शिकायत दी है कि एक बाबा ने घरेलु कलेश दूर करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, हद तो तब पार हो गई, जब महिला ने अपने साथ हुई घटना को पति को बताया। पीड़िता का कहना कि जब उसने घरवालों को पूरी बात बताई तो उसके ससुराल वालों ने उसे ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बता दें, घटना पाकिस्तान की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि महिला एक मोबाइल स्टोर मालिक की पत्नी है। वह घर पर आए दिन कलेश को लेकर परेशान थीं। इस दौरान वह एक परिचित से मिली, जिसने उसे एक बाबा के बारे में बताया। परिचित का कहना था कि एक बाबा है, जो तावीज देकर लोगों की समस्याएं ठीक करता है। महिला को लगा कि रोज की कलेश दूर करने के लिए बाबा से मिला जाए। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि जब वह बाबा से पहली बार मिली तो उसने एक तावीज दिया। साथ ही आरोपी ने कहा कि वह अगली मुलाकात 23 जून को उसके घर पर करेगा। पुलिस ने कहा कि बाबा अगले दिन ही महिला के घर उस समय पहुंच गया, जब वह अकेली थी। पहले महिला के पास जाकर बैठा और छेड़खानी करनी शुरू कर दी। जब महिला ने विरोध किया तो उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। बाद में, पीड़िता को किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने हवाईअड्डा पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि जब दुष्कर्म के बारे में पति को बताया तो उसके साथ ससुरालवालों ने बुरा व्यवहार किया। पति, सास और ननद ने उसे प्रताड़ित किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

## कराची के अस्पताल में मिला टिकटॉकर आएशा का शव; ड्रग्स के ओवरडोज के बाद छोड़कर भाग गए थे दोस्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के शव को अस्पताल में लावारिश तरीके से पाए जाने के बाद पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। मृतिका की पहचान आएशा के तौर पर की गई है, जो पंजाब प्रांत के शेखपुरा शहर में एक टिकटॉकर थी। पुलिस ने मृतिका के पिता सुल्तान का बयान दर्ज कर ली है। पिता ने बताया कि वह पंजाब में रहती थी और एक होटल में काम करती थी। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी तीन साल पहले हुई थी जिसके बाद वह कराची के गुलिस्तान-ए-जोहर में रह रही थी। टिक टॉकर आएशा के पिता ने बताया कि उन्हें पुलिस के हवाले से बेटी के शव के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा- मेरी बेटी जिबरान और एक महिला दोस्त पिंकी के साथ एक पार्टी में गई थी। मेरी बोटी की मौत अत्याधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने की वजह से हुई है, और वह पुलिस स्टेशन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुके हैं।

# भारतीय मूल की आरती बनीं बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारतीय मूल की आरती होला-मैनी को बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वे इटली की सिमोनेटा डि पिप्पो की जगह लेंगी।

आरती होला-मैनी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि मैनी के उपग्रह उद्योग में अनुभवों को देखते हुए यह फैसला लिया है। होला-मैनी को 25 साल से ज्यादा प्रबंधकीय और वकालत कार्यों सहित अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से जारी बयान में जानकारी दी गयी कि आरती ने हाल ही में नॉर्थस्टार अर्थ एंड स्पेस के स्थिरता, नीति और प्रभाव विभाग में कार्यकारी उपाध्यक्ष की भूमिका निभाई है। इससे पहले, मैनी ने ग्लोबल सैटेलाइट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के महासचिव के रूप में 18 साल



से अधिक समय बिताया। आरती ने विश्व आर्थिक मंच की अंतरिक्ष पर वैश्विक भविष्य परिषद के सदस्य के रूप में काम किया है। वे कोल पॉलिटेक्निक फेडेरेल डी लॉजेन (ईपीएफएल) स्पेस सेंटर में ईस्पेस द्वारा प्रबंधित स्पेस सस्टेनेबिलिटी रेटिंग के सलाहकार समूह की सदस्य भी रही हैं। फोरम यूरोप की वरिष्ठ अंतरिक्ष नीति सलाहकार रह चुकी आरती सैटेलाइट इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सलाहकार बोर्ड की सदस्य की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ अध्ययन 2021-2023 के लिए अंतरिक्ष यातायात प्रबंधन पर विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में काम किया है। आरती ने अपना स्नातक जर्मन लॉ में ब्रिटेन स्थित किंग्स कॉलेज लंदन से किया है। पेरिस के एचईसी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर किया है। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भी रही हैं। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान है। वह अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन और पंजाबी बोलती हैं और उन्हें डच भी थोड़ी बहुत आती है।

# नेपाल ने चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट्स से बनाई दूरी

**काठमांडू।** चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना (बीआरआई प्रोजेक्ट्स) के तहत दक्षिण एशिया के कई देश चीनी कर्ज में डूब चुके हैं। बीआईआई प्रोजेक्ट्स के तहत चीन की इस खतरनाक लोन डिप्लोमेसी का असर श्रीलंका और पाकिस्तान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इससे सबक लेते हुए पड़ोसी देश नेपाल ने इस परियोजना के तहत विकास कार्य करवाने के लिए अब और कर्ज लेने से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। बीआईआई प्रोजेक्ट्स के तहत चीन से मिलने वाले कर्ज से पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव में कई परियोजनाएं चल रही हैं। चीन नेपाल में भी बीआरआई प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहन देने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। हालांकि नेपाल सरकार ने इस



परियोजना के तहत कर्ज लेने से अब इनकार कर दिया है।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने सोमवार को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया कि चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट्स को लागू नहीं किया गया है। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एनपी सऊद ने चीन के इस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा जा रहा था कि बीआरआई प्रोजेक्ट्स नेपाल में लागू हो चुका है। हालांकि बीआरआई प्रोजेक्ट्स को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की चुप्पी से भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एक जनवरी को पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान चीनी राजदूत चेन सोंग ने कहा था कि हवाई अड्डे का निर्माण बीआरआई प्रोजेक्ट्स के तहत किया जा रहा है। शनिवार को पोखरा में आयोजित ड्रैगन बोट फेस्टिवल में भी उन्होंने यही बात दोहराई। अब नेपाल के विदेश मंत्री सऊद का मौजूदा बयान चीन के इसी दावे का जवाब माना जा रहा है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी बारिश और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में महिलाओं और बच्चों समेत 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।पाकिस्तान में पंजाब के ज्यादातर हिस्सों में भारी मॉनसून पूर्व बारिश हुई और इसके 30 जून तक जारी रहने की संभावना है।रेस्क्यू-1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने सोमवार को कहा, पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य व्यक्ति या तो जिंदा दफन हो गए या बिजली की चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से नारोवाल, शेखुपुरा और ननकाना साहिब शहरों में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में उपचार हो रहा है। अहमद ने कहा कि नारोवाल में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बारिश से जुड़ी घटनाओं में लाहौर, शेखुपुरा, पसरूर, सियालकोट और कामोके में बिजली की चपेट में आने से आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है।

# न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में अब दिवाली पर होगा अवकाश

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर में रोशनी के त्योहार दिवाली पर अब स्कूलों में अवकाश रहेगा। शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया।उन्होंने विश्वास जताया कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा यह जीत केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि इसके लिए दो



दशक से अधिक समय तक दक्षिण एशियाई और भारतीय-कैरिबियाई समुदाय ने संघर्ष किया है। यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अब दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क सिटी स्कूल के चांसलर डेविड बैंक्स ने यह हम सबके लिए खुशी का पल है। उल्लेखनीय है जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं। जेनिफर ने कहा कि दिवाली की छुट्टी को कानून में शामिल किया जाना चाहिए।

# लिथियम-आयन बैटरी निर्माता वैज्ञानिक जॉन बी गुडएनफ का 100 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** उम्रदराज नोबेल पुरस्कार विजेता और लिथियम-आयन बैटरी के निर्माता वैज्ञानिक प्रोफेसर जॉन बी गुडएनफ का टेक्सास के ऑस्टिन में रविवार को निधन हो गया। उन्होंने 100 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कहा। यह जानकारी टेक्सास विश्वविद्यालय ने दी। इस विश्वविद्यालय में वह इंजीनियरिंग के प्रोफेसर रहे हैं। प्रो. जॉन बी गुडएनफ को अभूतपूर्व लिथियम-आयन बैटरी, रिचार्जेबल पावर स्रोत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए रसायन विज्ञान में 2019 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। ये स्रोत अधिकांश आधुनिक पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड कारों को शक्ति प्रदान करता है।

उन्होंने लिथियम-आयन बैटरी पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की



प्रयोगशाला में लंबे समय तक खोज की। तब 1980 में स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट कंप्यूटर के विकास की अनुमति मिली। जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों में भी उनकी बैटरियों का इस्तेमाल होता है। टेस्ला जैसी कई कंपनियां उनकी बैटरी प्रयोग करती हैं। प्रो. जॉन बी गुडएनफ की बैटरियों का उपयोग कार्डियक डिफाइब्रिलेटर जैसे जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों में भी किया गया है।वैज्ञानिक गुडएनफ को बैटरी पर अपने काम के लिए कभी कोई रॉयल्टी नहीं मिली। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ऑक्सफोर्ड और टेक्सास विश्वविद्यालय में एक वैज्ञानिक और प्रोफेसर के रूप में उन्होंने छह दशक तक सेवाएं दीं। वह वेतन मात्र से गुजारा करते रहे। उन्होंने आखिरी समय तक सहकर्मियों के साथ पेटेंट साझा किए और अपने पुरस्कारों के साथ आए वजीफे को अनुसंधान और छात्रवृत्ति के लिए दान किया।

# वैगनर के विद्रोह के आगे रूसियों की एकजुटता जीती : पुतिन

**मास्को।** रूस में वैगनर विद्रोह और उथल-पुथल के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश को संबोधित किया। पुतिन ने कहा कि रूसी एकता जीती और वैगनर का विद्रोह हार गया। उन्होंने कहा कि वैगनर के विद्रोह से पैदा स्थिति से पता चला कि ब्लैकमेल और उथल-पुथल करने वाले विफल ही होंगे।

पुतिन ने कहा कि शनिवार की घटनाओं के दौरान मारे गए वीर पायलटों के साहस और आत्म-बलिदान ने देश को भयानक परिणामों से बचाया। जनता, पार्टियों, धार्मिक संगठनों, पूरे समाज ने संवैधानिक व्यवस्था के समर्थन में कड़ा रुख अपनाया।

रूसियों ने एकजुटता दिखाई, देश के लिए विषम परिस्थितियों में एकजुटता दिखाई। पुतिन ने अपने भाषण में विद्रोहियों को सेना में शामिल होने का ऑफर देते हुए। पुतिन ने कहा कि विद्रोहियों ने जो किया वो देश के साथ गद्दारी थी। देश को बांटने का काम कभी पूरा नहीं होगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि ये लोग रूस की जनता को



आपस में लड़ने के लिए मजबूर करना चाहते थे, जो सफल नहीं हो सका। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इन विद्रोहियों की गलती माफ करने लायक नहीं है, लेकिन जिन्हें अपनी गलती का एहसास है वो या तो रूसी सेना में अनुबंध के तहत शामिल हो सकते हैं या बेलारूस जा सकते हैं।पुतिन ने कहा कि विद्रोह करने वाले चाहते थे कि सैनिक एक दूसरे को मारें और यही परिणाम कीव चाहता था। उन्होंने कहा कि वैगनर समूह के बहुमत सैनिक मातृभूमि के देश-भक्त हैं और बुरे कार्यों के लिए उनका इस्तेमाल किया जाने वाला था। पुतिन ने कहा कि इस स्थिति को सुलझाने के लिए मैं बेलारूस के राष्ट्रपति लुकशेंको का आभारी हूं। इससे पहले रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु निजी सैन्य समूह वैग्नर द्वारा विद्रोह किए जाने और उन्हें हटाने की मांग किए जाने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। सोमवार को जारी एक वीडियो में वह यूक्रेन में रूसी सैनिकों से मिलते दिखे। इस वीडियो का मकसद देश में कई दशकों के इस सबसे गंभीर राजनीतिक संकट के बाद व्यवस्था बने रहने का संकेत देना है।

लेकिन अब भी उनके, बागी नेता एवगेनी प्रीगोझनि एवं निजी सेना के अस्तित्व के साथ ही यूक्रेन में युद्ध पर प्रभाव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजनीतिक भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।क्रेमलिन ने कहा कि उसने समझौता किया है जिसके तहत प्रीगोझनि को बेलारूस जाना होगा तथा उन्हें और उनके सैनिकों को क्षमादान मिलेगा। वैसे तो प्रीगोझनि के ठिकाने के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन एक समाचार चैनल ने टेलीग्राम पर खबर दी कि उन्हें बेलारूस की राजधानी मिंस्क में एक होटल में देखा गया।

# पाकिस्तान में तीन सेना के अधिकारी बर्खास्त, सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में रहे थे विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना ने एक लेफ्टिनेंट समेत अपने तीन अफसरों को बर्खास्त कर दिया है और तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पाकिस्तानी सेना के अनुसार इन अधिकारियों पर सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में विफल होने का आरोप है। ज्ञात रहे कि गत नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हुआ था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था।

सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल



अरशद शरीफ ने बताया कि सेना ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में दो बार जांच कराई और कार्रवाई की। उन्होंने बताया, जवाबदेही प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करने और अदालती जांच ध्यान में रखते हुए, उन लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई, जो सैन्य प्रतिष्ठानों, जिन्ना हाउस और सामान्य मुख्यालय की सुरक्षा और सम्मान को बरकरार रखने में नाकाम रहे। शरीफ ने बताया कि एक लेफ्टिनेंट-जनरल सहित तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है और तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी कर ली गई है।अधिकारियों की पहचान का विवरण दिए बिना मेजर जनरल शरीफ ने कहा कि सेना द्वारा की गई कार्रवाई से पता चलता है कि सेना के भीतर सख्त आत्म-जवाबदेही की व्यवस्था है और पद की परवाह किए बिना कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना में रैंक या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना, कोई भेदभाव किए बगैर जवाबदेही तय की जाती है।

उन्होंने बताया कि जांच मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों द्वारा की गई। शरीफ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, (नौ मई की हिंसा में) शामिल सभी लोगों को संविधान और कानून के तहत दंडित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले से ही 17 स्थाई सैन्य अदालतें काम कर रही हैं जहां 9 मई की हिंसा में शामिल 102 उपद्रवियों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबूत देखने के बाद उनके मामलों को सिविल अदालतों में स्थानांतरित कर दिया गया।

# किरियाकोस मित्सोटाकिस दोबारा बने ग्रीस के प्रधानमंत्री

**एथेंस।** किरियाकोस मित्सोटाकिस दोबारा ग्रीस के प्रधानमंत्री बने हैं। मई में हुए आम चुनावों में बहुमत से पांच सीटें पीछे रह जाने के बाद हाल ही में दोबारा हुए चुनाव में भी मित्सोटाकिस ही आगे रहे। अब दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने ग्रीस को बदलावों के रास्ते पर आगे बढ़ाने की बात कही है। मित्सोटाकिस ने वर्ष 2019 के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री एलेक्सिस त्सिप्रास को हराकर एक दशक के आर्थिक संकट को समाप्त करने के संकल्प के साथ ग्रीस के शीर्ष पद पर कब्जा किया था। मई में हुए चुनावों में मित्सोटाकिस ने पूर्व प्रधान मंत्री एलेक्सिस त्सिप्रास को 20 प्रतिशत से अधिक अंकों से हराया था, किन्तु संसद में पांच सीटें कम होने के कारण दोबारा चुनाव कराए गए। पांच सप्ताह के भीतर दोबारा हुए चुनाव में मित्सोटाकिस को पुनः प्रधानमंत्री चुन लिया गया। 55 वर्षीय हार्वर्ड स्नातक मित्सोटाकिस को ग्रीस को कोरोना की महामारी से निकालकर लगातार दो वर्षों तक मजबूत विकास की ओर अग्रसर करने का श्रेय दिया जाता है।

दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद मित्सोटाकिस ने विकास की प्रक्रिया जारी रखने की बात कही। ग्रीस के पुरुषों और महिलाओं को उनके भरोसे के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अब वे अपनी पूरी शक्ति से देश की सेवा करने को अपना और भी अधिक कर्तव्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे कभी चमत्कारों का वादा नहीं करते, लेकिन यह विश्वास दिलाया कि वे योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ अपने राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि नागरिकों ने उन्हें उन बड़े बदलावों के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए मजबूत जनादेश दिया है जिनकी देश को जरूरत है। उन्होंने वादा किया कि वे सभी ग्रीसवासियों के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि समस्याओं का कोई रंग नहीं होता। उन्होंने कहा कि नागरिकों को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार हर मुश्किल में उनके साथ है।

